Web Portal
www.ghatatighatana.com
सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ के लिए एक प्रकाशन...
RNI REG.NO.-CHHHIN/2004/15050
डाक पंजीयन क्रमांक- 013/रायगढ़/2020-2022
# घटती घटना
अम्बिकापुर, वर्ष 19,अंक -95 शनिवार,04 फरवरी 2023, पृष्ठ -8 मूल्य 2 रूपये

**ज्ञान की बातें**

अध्ययन हमें आनंद प्रदान करता है,अलंकृत करता है और योग्यता प्रदान करता है।

-फ्रांसिस बेकन-

# जाना था पटना,पहुंच गए उदयपुर



### अब डीजीसीए ने दिए जांच के आदेश

**नई दिल्ली,03 फ रवरी 2023(ए)।** बीते कुछ दिनों के दौरान देश में विमान यात्रा से जुड़े कई अजीबोगरीब वाकये सामने आए। किसी ने उड़ान के दौरान महिला पर पेशाब कर दिया तो किसी ने फ्लाइट का आपातकालीन द्वार खोल दिया। अब एक और घटना सामने आई है, जिसमें पटना जाने वाले यात्री को उदयपुर पहुंचा दिया गया। मामले में नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने जांच के आदेश दे दिए हैं।

### गलती से उदयपुर की फ्लाइट में सवार हुआ यात्री

समाचार के मुताबिक, यह घटना बीते 30 जनवरी की है। जब एक यात्री, जिसे दिल्ली से पटना के लिए इंडिगो की फ्लाइट लेनी थी, लेकिन उसे उदयपुर पहुंचा दिया गया। डीजीसीए के एक वरिष्ठ अधिकारी की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक, यात्री की पहचान अफसर हुसैन के रूप में की गई है। उसने इंडिगो की उड़ान 6ई214 से पटना के लिए टिकट बुक कराया था और निर्धारित उड़ान में सवार होने के लिए 30 जनवरी को दिल्ली हवाई अड्डा पहुंचा। लेकिन वह गलती से इंडिगो की उदयपुर जाने वाली फ्लाइट 6ई319 में सवार हो गया।

### पिछले 20 दिनों में दूसरी घटना

बताया जा रहा है कि, यात्री के उदयपुर एयरपोर्ट पर लैंड होने के बाद उसे अपनी गलती का एहसास हुआ। जिसके बाद उसने उदयपुर एयरपोर्ट पर मौजूद अधिकारियों को इसकी जानकारी दी, जिन्होंने एयरलाइन को मामले से अवगत कराया। जिसपर तत्काल कार्रवाई करते हुए इंडिगो यात्री को उसी दिन वापस दिल्ली और फिर 31 जनवरी को पटना ले गई। एयरलाइंस ने एक बयान जारी कर बताया है कि, उन्हें दिल्ली-उदयपुर उड़ान में एक यात्री के साथ हुई घटना के संबंध में जानकारी है। बयान में कंपनी की ओर से कहा गया है कि, वो इस संबंध में अधिकारियों से बात कर रहे हैं और यात्रियों को हुई असुविधा के लिए खेद है। पिछले 20 दिनों में इंडिगो के विमान में इस तरह की यह दूसरी घटना है।

## संक्षिप्त समाचार

### अडानी मसले पर संसद में संग्राम



**नई दिल्ली,03 फरवरी 2023(ए)।** संसद में बजट सत्र का आज चौथा दिन है। आज एक बार फिर से अडानी मामले पर दोनों सदनों में विपक्ष ने जोरदार हंगामा किया जिसके बाद सदन की कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी।
इसके अलावा आज कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने विपक्षी दलों के नेताओं के साथ बैठक बुलाई थी। इस बैठक में सरकार को घेरने की रणनीति पर चर्चा की गई।
अदाणी मसले पर विपक्ष के जोरदार हंगामे के बाद लोकसभा की कार्यवाही दोपहर दो बजे तक के लिए स्थगित हो गई है। वहीं राज्यसभा की कार्यवाही दोपहर ढाई बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई है।

### पंजाब कैबिनेट ने इलेक्ट्रिक वाहन नीति को दी मंजूरी



**चंडीगढ़ ,03 फरवरी 2023(ए)।** पंजाब कैबिनेट ने शुक्रवार को वाहनों से होने वाले प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिए इलेक्ट्रिक वाहन नीति 2022 को मंजूरी दे दी। यह फैसला मुख्यमंत्री भगवंत मान की अध्यक्षता में हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में लिया गया है। मुख्यमंत्री कार्यालय के एक प्रवक्ता ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के बारे में जन जागरूकता पैदा करने के लिए, कैबिनेट ने इलेक्ट्रिक वाहन नीति 2022 को मंजूरी दी है, जो वाहनों के उत्सर्जन को कम करने, बुनियादी ढांचा तैयार करने, विनिर्माण, अनुसंधान और विकास, रोजगार सृजन, स्थिरता सुनिश्चित करने के अलावा पंजाब को इलेक्ट्रिक वाहनों, पुजरें और बैटरियों के निर्माण के लिए एक पसंदीदा स्थान के रूप में स्थापित करने का प्रयास करता है।

# हादसे के वक्त शराब के नशे में थी अंजलि

### विसरा रिपोर्ट में खुलासा अब डीजीसीए ने दिए जांच के आदेश

**नई दिल्ली,03 फरवरी 2023 (ए)।** दिल्ली के कंझावला इलाके में 31 दिसंबर और एक जनवरी की दरम्यानी रात को कंझावला सड़क हादसे की शिकार अंजलि की मौत मामले में एक बड़ी जानकारी सामने आ रही है।
दिल्ली पुलिस मुख्यालय के सूत्र के मुताबिक जिस वक्त अंजलि हादसे की शिकार हुई थी,उस वक्त वो शराब के नशे में थी। दरअसल दिल्ली पुलिस ने अंजली की मौत के बाद हुए पोस्टमार्टम के बाद उसके विसरा को सुरक्षित रख लिया था। उस विसरा को बाद में जांच के लिए रोहिणी स्थित फोरेंसिक साइंस लैब को दिया गया था।
लैब ने अंजलि की विसरा रिपोर्ट दिल्ली पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी को 24 जनवरी को सौंप दी थी। उसी रिपोर्ट में ये खुलासा हुआ है कि हादसे के वक्त



अंजली शराब के नशे में थी।
हालांकि इस मामले में प्रमुख चश्मदीद रही अंजलि की दोस्त निधि ने पहले ही पुलिस के सामने इस मामले में बयान देकर बताया था कि वह और अंजली दोनों नए साल के पहले वाली रात को एक पार्टी में गए थे। जहां अंजलि ने शराब पी थी और वह हादसे के वक्त नशे में थी। वो दोनों एक पार्टी से एक ही स्कूटी से लौट रही थीं, उसी दौरान एक बलेनो कार के द्वारा एक्सीडेंट के दौरान निधि बच गई लेकिन अंजलि की मौत हो गई।
यह हादसा जब हुआ उसके बाद से कई बार पुलिस ने अपने बयान बदले। कई दिन तक तो पुलिस मामले में पांच आरोपियों के लिप्त होने की बात कहती रही, फिर बताया कि हादसे के वक्त कार में सिर्फ चार लोग थे। पांचवें शख्स को बाद में बुलाया गया था। इसी तरह हादसे के कई तथ्यों को लेकर पुलिस ने अपने बयान बदले।

**कब-कब पुलिस ने क्या कहा**

एक जनवरी को पुलिस ने बताया कि एक कार हादसा से हुआ है, जिसमें पांच लोग सवार थे। मामला दर्ज कर पांचों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। धाराएं सड़क दुर्घटना की लगाई गईं।
दूसरे दिन पुलिस ने 13 किमी तक घसीटने की बात कही और धाराएं सख्त कीं। इसमें गैर-इरादतन हत्या की धारा जोड़ी गई थी।
तीसरे दिन पुलिस ने खुलासा किया कि हादसे के वक्त अंजलि की दोस्त भी निधि स्कूटी पर सवार थी। पूरे मामले की जांच के लिए विशेष पुलिस आयुक्त के निगरानी में कमेटी गठित की गई।
चौथे दिन हादसे के दौरान पुलिसकर्मियों की लापरवाही की बात सामने आई।
पांचवें दिन पलिस ने खुलासा किया कि मामले में दो अन्य आरोपी भी शामिल हैं। यही नहीं, कार चालक आरोपी दीपक नहीं, अमित है।
छठवें दिन पुलिस ने फिर अपनी थ्योरी बदली और बताया कि कार में सिर्फ चार लोग सवार थे। कार चलाने वाले जिस पांचवें आरोपी की बात कही जा रही थी, वह उस वक्त अपने घर पर मौजूद था।



## डॉक्यूमेंट्री बैन पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को भेजा नोटिस

**नई दिल्ली,03 फ रवरी 2023(ए)।** 2002 के गुजरात दंगों से संबंधित बीबीसी डॉक्यूमेंट्री पर बैन के खिलाफ याचिकाओं पर शुक्रवार को सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट ने दंगों से संबंधित बीबीसी डॉक्यूमेंट्री को सेंसर करने से रोकने के लिए केंद्र सरकार को निर्देश देने की मांग वाली याचिका पर केंद्र को नोटिस जारी किया। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से तीन हफ्ते में जवाब मांगा है। इस मामले पर सुनवाई अब अप्रैल में होगी।
वरिष्ठ पत्रकार एन राम, टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा और एडवोकेट प्रशांत भूषण की ओर से वरिष्ठ वकील सीयू सिंह ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि यह एक ऐसा मामला है, जहां सार्वजनिक डोमेन में आदेश दिए बिना आपातकालीन शक्तियां लागू की गईं। उन्होंने बताया कि डॉक्यूमेंट्री के लिंक शेयर करने वाले ट्वीट ब्लॉक कर दिए गए हैं। इसपर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हम सरकार से इससे जुड़े आदेश की फाइल मांग रहे हैं और इसकी जांच करेंगे।

# 3 करोड़ 95 हजार केश देखकर पुलिसकर्मियों के हुए होश फाख्ता

**जयपुर ,03 फ रवरी 2023(ए)।** राजस्थान पुलिस को चेकिंग के दौरान एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस रोड पर सघन चेंकिग कर रही थी कि इस दौरान एक गाड़ी से इतना कैश मिला कि वहां मौजूद पुलिसकर्मियों के होश उड़ गए। दरअसल, राजस्थान से अहमदाबाद आ रही कार को आबूरोड पुलिस ने जब रोका तो उसमें से करोड़ों की नकदी मिली। सिरोही के पास आबूरोड पर पुलिस को गाड़ी की तलाशी के दौरान 3 करोड़ 95 हजार की नकद राशि जब्त की है।



### पुलिस को बड़े हवाला घोटाले का शक

इतनी भारी मात्रा में कैश मिलते ही पुलिस ने पाटन के रहने वाले जिग्नेश दवे और कौशिक दवे को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस का मानना है कि इस मामले में बड़ा हवाला घोटाला सामने आ सकत है, लिहाजा पुलिस के साथ-साथ जांच में आयकर विभाग भी जुट गया है। वहीं पिथले हफ्ते दिल्ली एयरपोर्ट पर भी चेकिंग के दौरान लगभग इतना ही कैश पकड़ा गया था। एयरपोर्ट अधिकारियों को कार्गो टर्मिनल पर करोड़ों रुपए कैश मिला था।

### दिल्ली एयरपोर्ट पर मिले थे 3.70 करोड़ कैश

बता दें कि दिल्ली एयरपोर्ट पर 23 जनवरी को जब अधिकारियों ने गिनती पूरी की तो कुल रकम 3.70 करोड़ रुपए निकली थी। इन पैसों को एक पेटी में पैक किया गया था। कार्गो टर्मिनल पर स्कैनिंग के दौरान जब अधिकारियों को शक हुआ तो तलाशी ली गई, जिसके बाद इतनी बड़ी मात्रा में कैश बरामद हुआ था। इस मामले में दिल्ली पुलिस, सीआईएसएफ समेत एजेंसियों ने सारे पैसे को सीज करके जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया था कि इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर रविवार को एक कार्गो पैकेज की स्कैनिंग करते वक्त बड़ी मात्रा में कैश का पता चला था। एयरपोर्ट के सुरक्षाकर्मियों ने जब उस पैकेज को खुलवाया तो पैकेज नोटों के बंडलों से भरा पड़ा था। एयरपोर्ट के डीसीपी ने बताया था कि हमने 3 लोगों की पहचान की है और आयकर विभाग के साथ डिटेल साझा की है। इस मामले में आगे की जांच चल रही है।



## हॉस्टल की छठी मंजिल से गिरकर छात्र की मौत

**कोटा ,03 फरवरी 2023(ए)।** राजस्थान के कोटा से एक दिल दहला देने वाली घटना सीसीटीवी में कैद हुई है. यहां एक हॉस्टल की छठी मंजिल से गिरने से कोचिंग के एक छात्र की मौत हो गई. इस हादसे के बाद से हॉस्टल की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर छात्रों में आक्रोश है. इस हादसे की लाइव तस्वीरें हॉस्टल में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई. यह घटना कोटा के जवाहर नगर की बताई जा रही है. वहीं पुलिस मामले की जांच में जुट गई है. छात्र अपने दोस्तों के साथ कमरे की बालकनी में बैठा था. इसी दौरान स्लीपर पहनते समय उसका संतुलन बिगड़ गया और वह हॉस्टल की छठी मंजिल की बालकनी से नीचे गिर गया. अपने दोस्त को इस तरह से खोने के बाद अन्य छात्र भी सदमे में है. मृतक छात्र के शव को पुलिस ने मोर्चरी में रखवा दिया है. छात्र के परिजनों को घटना की जानकारी दे दी है जिनके कोटा पहुंचने पर छात्र के शव का पोस्टमार्टम करवाया जाएगा।

# सपा में रार:अपनी ही पार्टी में घिरे स्वामी!

### मौर्य पर रासुका की मांग

**नई दिल्ली ,03 फ रवरी 2023(ए)।** हिंदू धर्म ग्रंथ रामचरित मानस पर की गई टिप्पणी को लेकर राजनीतिक दलों और साधु-संतों के निशाने पर आए स्वामी प्रसाद मौर्य के खिलाफ अब उन्हीं की पार्टी के एक नेता ने मोर्चा खोल दिया है।

**बेक टू बेक ट्वीट कर सीएम और पीएम से की अपील**

सपा प्रवक्ता डॉक्टर रोली तिवारी मिश्रा ने अपनी ही पार्टी के नेता स्वामी प्रसाद मौर्य पर रासुका लगाने की मांग की है। डॉक्टर रोली ने एक के बाद एक कई ट्वीट कर योगी आदित्यनाथ और पीएम मोदी से अपील की है कि सपा नेता पर सख्त कार्रवाई की जाए। बताते चलें रोली पिछ्ले काफी दिनों से स्वामी प्रसाद मौर्य का मुखर होकर विरोध कर रही हैं। सपा प्रवक्ता आज का पहला ट्वीट सुबह 7 बजकर 50 मिनट पर किया, जहां उन्होंने लिखा कि हर तरफ सनातन धर्म के खिलाफ़ साजिश कर, हिंदू जातियों को बांटकर क्या देश में ÷गृहयुद्ध÷ जैसी भूमिका रची जा रही है ? दूसरे ट्वीट में उन्होंने सीएम योगी से



स्वामी प्रसाद मौर्य के खिलाफ रासुका लगाने की मांग की, उन्होंने लिखा कि यूपी में धार्मिक उन्माद और जातीय संघर्ष फ़ैलाने की चेष्टा करने वाले स्वामी प्रसाद पर ह्ल रासुका लगाई जाए। बकौल रोली, ऐसे धर्म द्रोहियों से राष्ट्र को खतरा है।

**मौर्य पर धावा बोलना रखा जारी**

इसके बाद रोली ने अपने ट्वीट से साफ कर दिया कि आगे की सियासी राह वह अलग चुनने वाली हैं, उन्होंने लिखा कि एक तरफ राजनीतिक पद लाभ थे दूसरी तरफ प्रभु श्रीराम और श्रीरामचरितमानसज मैंने प्रभु श्रीराम को चुना। जैसे ही कयासों ने जोर पकड़ा कि रोली बीजेपी के साथ जा सकती है, उन्होंने बीजेपी की मंशा पर सवाल उठाते हुए अपना रुख साफ कर दिया। रोली ने अगले ट्वीट में कहा कि स्वामी प्रसाद द्वारा श्रीरामचरितमानस के अपमान पर बीजेपी में चुप्पी क्यों है? उन्होंने पूछा कि क्या अब बीजेपी के लोग श्रीरामजी के सम्मान की बात नहीं करेंगे ? कहीं समाजवादी पार्टी को बर्बाद करने के लिए सारा मैच फिक्स तो नहीं है ?
इसके बाद भी सपा प्रवक्ता ने कई ट्वीट किए जिसमें उन्होंने मौर्य पर धावा बोलना जारी रखा। आखिर में उन्होंने अखिलेश यादव की रैली की तस्वीरों को साझा कर यह भी साफ कर दिया कि फिलहाल वह समाजवादी पार्टी के साथ ही हैं। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि इससे पहले रोली ने स्वामी प्रसाद मौर्य को रामचरित मानस पर शास्त्रार्थ की चुनौती दी थी।

# एफएए पेपर लीक मामले में सीबीआई का एक्शन

### जम्मू में 35 से अधिक स्थानों पर मारा छापा

**जम्मू ,03 फरवरी 2023(ए)।** जम्मू-कश्मीर में वित्त लेखा सहायक (एफएए) परीक्षा को लेकर कथित घोटाले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के अधिकारियों ने शुक्रवार को जम्मू क्षेत्र में 35 से अधिक स्थानों पर छापेमारी की। उल्लेखनीय है पिछ्ले साल लगभग एक लाख उम्मीदवार परीक्षा में शामिल हुए थे और उन्होंने विभाग पर इस भर्ती परीक्षा के पेपर लीक होने का आरोप लगाया था। अभ्यर्थियों ने इस मामले को लेकर भारी विरोध प्रदर्शन किया था उसके बाद जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के नेतृत्व वाले प्रशासन ने न्याय और आरोपों की जांच का आश्वासन दिया। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि सीबीआई की टीमों ने आज सुबह जम्मू के 35 स्थानों सहित क्षेत्र के छह जिलों में 37 स्थानों पर छापेमारी की।



सूत्रों ने बताया छापेमारी की कार्रवाई जम्मू कश्मीर कर्मचारी चयन आयोग 'जेकेएसएसबी' द्वारा आयोजित वित्तीय विभाग के लेखा सहायक के पदों के लिए परीक्षा में कथित भ्रष्टाचार और अनियमितताओं से जुड़े एक मामले के संबंध की गयी है। इससे पहले पिछ्ले साल अक्टूबर में भी छापेमारी की गई थी।

# सुको ने केंद्र से कहा,हमें कठोर कदम उठाने को न करें मजबूर

**नई दिल्ली ,03 फ रवरी 2023(ए)।** सर्वोच्च न्यायालय ने शुक्रवार को शीर्ष अदालत के कॉलेजियम द्वारा अनुशंसित उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के तबादले को मंजूरी देने में देरी पर केंद्र को चेतावनी देते हुए कहा कि इसके परिणामस्वरूप प्रशासनिक और न्यायिक दोनों तरह की कार्रवाई हो सकती है, जो सुखद नहीं हो सकती है। न्यायमूर्ति संजय किशन कौल और न्यायमूर्ति अभय एस. ओका की पीठ ने केंद्र का प्रतिनिधित्व कर रहे अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी से कहा, हमें कोई स्टैंड न लेने दें जो बहुत असुविधाजनक होगा। कोर्ट ने कहा, न्यायाधीशों के तबादले को लंबित रखा जाना एक गंभीर मुद्दा है।
न्यायमूर्ति कौल ने कहा कि स्थानांतरण एक बहुत ही गंभीर मुद्दा है और इस प्रक्रिया में तीसरे पक्ष के हस्तक्षेप के खिलाफ चेतावनी दी। उन्होंने एजी को बताया कि कभी-कभी सरकार इसे रातोंरात करती है और कभी-कभी इसमें अधिक समय लगता है, इसमें एकरूपता नहीं होती है। कोर्ट ने कहा कि मुख्य न्यायाधीशों के स्थानांतरण भी लंबित हैं। पीठ ने मौखिक रूप से एजी से कहा, हमें एक कठिन निर्णय लेना होगा। हमें कड़ा रुख अपनाने के लिए मजबूर न करें। शीर्ष अदालत ने जोर देकर कहा, ऐसा होता रहा है! लेकिन ऐसा कब



होगा? चीजें सालों से नहीं हो रही हैं। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की पैरवी कर रहे अधिवक्ता अमित पई ने कहा कि कोर्ट पर बाहर से हमला किया जा रहा है। न्यायमूर्ति कौल ने कहा, हम इसके अभ्यस्त हैं। निश्चिंत रहें कि यह हमें परेशान नहीं करता है। यह अधिकारियों को पता है कि कहां जाना है। पीठ ने मामले की अगली सुनवाई 13 फरवरी को निर्धारित की।
एजी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के पांच जजों की नियुक्ति के लिए की गई सिफारिशों को जल्द ही मंजूरी दे दी जाएगी। 13 दिसंबर, 2022 को शीर्ष अदालत के कॉलेजियम ने न्यायमूर्ति पंकज मिथल, संजय करोल, पी.वी. संजय कुमार, अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और मनोज मिश्रा की सुप्रीम कोर्ट में नियुक्ति की सिफारिश की थी। 31 जनवरी को, कॉलेजियम ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति राजेश बिंदल और गुजरात उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति अरविंद कुमार को शीर्ष अदालत के न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत करने की भी सिफारिश की।
शीर्ष अदालत न्यायिक नियुक्तियों के लिए समयसीमा का उल्लंघन करने वाले केंद्र के खिलाफ एडवोकेट्स एसोसिएशन ऑफ बैंगलोर द्वारा दायर एक अवमानना याचिका पर सुनवाई कर रही थी। इससे पहले शीर्ष अदालत ने नियुक्तियों के लिए कॉलेजियम द्वारा अनुमोदित नामों को मंजूरी देने में देरी पर नाराजगी जताई थी।

## संपादकीय

### कश्मीर में चुनाव का क्या होगा?

जम्मू कश्मीर में इस साल गर्मियों में विधानसभा चुनाव होगा या चुनाव टला रहेगा? यह लाख टके का सवाल है, जिसका जवाब कायदे से चुनाव आयोग के पास होना चाहिए लेकिन ऐसा लग नहीं रहा है कि उसके पास जवाब है। चुनाव का फैसला आयोग को नहीं, बल्कि सरकार को करना है। इसकी वजह यह है कि सुरक्षा कारण बता कर सरकार चुनाव टाले रह सकती है। चुनाव से जुड़ी लगभग सारी तैयारियां पूरी हो गई हैं। परिसीमन का काम हो गया है। सीटों के आरक्षण का काम हो गया है। अब मतदाता सूची के पुनरीक्षण का काम हो रहा है और चुनाव आयोग आयोग चाहे तो अगले कुछ दिन में किसी भी समय चुनाव की घोषणा कर सकता है।

भाजपा के नेताओं ने भी कुछ समय पहले बहुत साफ संकेत दिए थे कि इस साल विधानसभा का चुनाव हो जाएगा। पार्टी के महासचिव तरुण चुघ ने पिछले दिनों जम्मू कश्मीर में पार्टी के नेताओं को चुनाव के लिए तैयार रहने को कहा था। लेकिन यह राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के जम्मू कश्मीर जाने से पहले की बात है। राहुल के नेतृत्व में कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा को जम्मू कश्मीर में जिस तरह का रिस्पांस मिला है और जिस तरह से गुलाम नबी आजाद की डेमोक्रेटिक आजाद पार्टी के नेता पाला बदल कर कांग्रेस में लौटे हैं उसे देखते हुए लग रहा है कि भाजपा की रणनीति बदल सकती है।

भाजपा को बहुत यकीन था कि डेमोक्रेटिक आजाद पार्टी कांग्रेस को इतना नुकसान कर देगी कि कांग्रेस अपने पैरों पर खड़ा नहीं हो पाएगी। पर ऐसा भी लग रहा था कि कश्मीर में पूरी तरह से आजाद पर निर्भर कांग्रेस की यात्रा को राज्य में बहुत अच्छा रिस्पांस नहीं मिलेगा और यात्रा फेल हो जाएगी। लेकिन उल्टा हुआ। आजाद की पार्टी से जुड़े कांग्रेस के तमाम बड़े नेता कांग्रेस में वापस लौट गए। इसके बाद राहुल की यात्रा जब जम्मू कश्मीर पहुंची तो पूरे रास्ते यात्रा का लोगों ने स्वागत किया। राज्य की दोनों बड़ी पार्टियों-नेशनल कांफ्रेंस और पीडीपी के नेता अलग अलग जगहों पर यात्रा में शामिल हुए।

यात्रा के समापन कार्यक्रम में भारी बर्फबारी के बावजूद लोग राहुल गांधी का भाषण सुनने पहुंचे। राहुल ने भी मौके के अनुकूल बहुत मार्मिक भाषण दिया। उन्होंने कश्मीरी लोगों, सुरक्षा बलों और सेना के जवानों व उनके परिवारों से अपने को जोड़ा। उन्होंने कश्मीर की अपनी यात्रा को अपने घर की यात्रा बताया और याद दिलाया कि उनके पूर्वज कश्मीर से निकल कर ही इलाहाबाद गए थे। सो, एक तरफ कांग्रेस की जड़ मजबूत हुई है और उसे लोगों का समर्थन मिला है तो दूसरी ओर राज्य की प्रादेशिक पार्टियों का समर्थन भी उसको मिला है। ऐसे में अगर विधानसभा चुनाव की घोषणा होती है तो जम्मू क्षेत्र में भी भाजपा के लिए लड़ाई बहुत आसान नहीं रह जाएगी। अगर कांग्रेस, नेशनल कांफ्रेंस और पीडीपी तीनों मिल कर लड़ते हैं और साथ में सीपीआई भी शामिल रहती है तो गठबंधन का पलड़ा भारी रहेगा। जबकि भाजपा को हर हाल में चुनाव जीतना है और हिंदू मुख्यमंत्री बनाना है। अगर उसे लगता है कि ऐसा नहीं हो पाएगा तो तय मानें कि चुनाव टला रहेगा।

# राहुल की पदयात्रा से मजबूत होगी कांग्रेस

कांग्रेस नेता राहुल गांधी की 145 दिनों तक चली भारत जोड़ो पदयात्रा का श्रीनगर के लाल चौक में तिरंगा झंडा फहराने के साथ ही समापन हो गया है। 7 सितंबर को कन्याकुमारी से प्रारंभ हुई भारत जोड़ो पदयात्रा 12 राज्यों व 2 केंद्र शासित प्रदेशों से होकर गुजरी है। पदयात्रा के दौरान राहुल गांधी करीबन 3970 किलोमीटर पैदल चले हैं। अब तक देश की राजनीति में एक असफल नेता के रूप में जाने जाने वाले राहुल गांधी अपनी इस पदयात्रा के बाद एक नए अवतार में परिपक्व राजनेता के रूप में नजर आने लगे हैं। पदयात्रा के दौरान राहुल गांधी ने लोगों से सीधे संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं से रूबरू हुए। यात्रा के दौरान राहुल गांधी का पूरा प्रयास था कि वह पूरी तरह वीआईपी कल्चर से दूर रहें। इस पदयात्रा में राहुल गांधी का एक अलग ही रूप देखने को मिला जो लोगों को आकर्षित व प्रभावित करने में सफल रहा है।

कभी देश पर एकछत्र राज करने वाली कांग्रेस पार्टी मौजूदा दौर में बहुत कमजोर स्थिति से गुजर रही है। 2014 के बाद तो लोकसभा में कांग्रेस को विपक्ष के नेता के का पद भी नहीं मिल पाया है। देश के अधिकांश राज्यों में कांग्रेस सत्ता से बाहर हो चुकी है। लगातार चुनाव हारने के कारण कांग्रेस नेता राहुल गांधी की छवि भी बहुत कमजोर हो गई थी। उन्हें जनाधार विहीन नेता के तौर पर माना जाने लगा था। राजनीतिक पर्यवेक्षक भी मानने लगे थे कि राहुल गांधी में चुनाव जिताने की क्षमता नहीं है। उनके नेतृत्व में कांग्रेस शायद ही फिर से देश की बड़ी राजनीतिक पार्टी बन सके। इन्हीं सब आशंकाओं के मध्य राहुल गांधी ने कुछ ऐसे फैसले किए जिनसे उनकी छवि एक दृढ़ निश्चयी मजबूत नेता के रूप में उभरी है।

2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी की करारी हार के बाद राहुल गांधी ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था। उस समय सभी ने उनसे इस्तीफा वापस लेने के लिए बहुत दबाव भी डाला था। मगर वह अपने फैसले पर अटल रहे। अंततः सोनिया गांधी को कांग्रेस का अंतरिम अध्यक्ष बनना पड़ा था। करीब तीन साल बाद कांग्रेस पार्टी में राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के चुनाव करवाए गए। इस दौरान भी कांग्रेस के सभी बड़े नेताओं ने राहुल गांधी से कांग्रेस अध्यक्ष का पद संभालने की अपील की थी। जिसे उन्होंने सिरे से खारिज कर दिया था।

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव से पहले ही राहुल गांधी ने पदयात्रा करने की घोषणा कर दी थी। जिसे राहुल गांधी ने पूरी कर दिखाया है। कन्याकुमारी से अपनी भारत जोड़ो पदयात्रा की शुरुआत करने वाले राहुल गांधी बिना थके बिना रुके लगातार चलकर 4000 किलोमीटर की अपनी पदयात्रा को सफलतापूर्वक पूरा कर देश की जनता को यह संदेश दिया है कि उनमें नेतृत्व करने की क्षमता आज भी बरकरार है। आने वाले समय में कांग्रेस पार्टी एक बार फिर से मजबूत होकर उभरेगी।

राहुल गांधी ने अपनी पदयात्रा के दौरान सभी विपक्षी दलों के नेताओं को आमंत्रित कर विपक्ष को एकजुट करने का भी सार्थक प्रयास किया था। बहुत से विपक्षी दलों के नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो पदयात्रा में शामिल भी हुए।



जिससे देश की जनता को एक संदेश गया कि कांग्रेस के बिना विपक्ष की राजनीति हमेशा ही अधूरी रहेगी। जब तक कांग्रेस केंद्र में नहीं रहेगी तब तक विपक्षी एकजुटता नहीं हो पाएगी। कांग्रेस के बिना भाजपा को हराना संभव नहीं है। पूरे देश में आज भी कांग्रेस का जनाधार बरकरार है। हाल ही में कांग्रेस ने हिमाचल प्रदेश में सत्तारूढ़ भाजपा को करारी शिकस्त देकर अपनी सरकार बनाई है। जिससे साबित होता है कि कांग्रेस में आज भी भाजपा से दो-दो हाथ करने का दमखम बाकी है।

राहुल गांधी द्वारा अपनी पदयात्रा में विपक्षी नेताओं को आमंत्रित करना इस बात का द्योतक है कि राहुल गांधी बड़े मन से राजनीति करना चाहते हैं। उनका इरादा सभी विपक्षी दलों को साथ लेने का है। राहुल गांधी की पदयात्रा में डीएमके, वामपंथी दल, राष्ट्रीय जनता दल, महाराष्ट्र की उद्धव बालासाहेब ठाकरे की शिवसेना, शरद पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी, झारखंड मुक्ति मोर्चा, जम्मू कश्मीर के नेशनल कॉन्फ्रेंस, पीडीपी जैसी बहुत सी विपक्षी पार्टियों के नेताओं ने शामिल होकर विपक्षी एकता मजबूत करने की बात कही है। इस पदयात्रा में शामिल होने वाले विपक्षी दलों के सभी नेताओं ने राहुल गांधी की सराहना करते हुए उनके साथ मिलकर विपक्षी गठबंधन को मजबूत करने की प्रतिबद्धता जाहिर की है। इससे लगता है कि आने वाले समय में कांग्रेस एक मजबूत गठबंधन बनाकर भाजपा को सत्ता से हटाने का प्रयास करेगी।

राहुल गांधी ने इस यात्रा के जरिए उन सभी सवालों को खारिज कर दिया है जो उन पर उठते रहे थे। पहले कहा जाता था कि राहुल गांधी अध्यक्ष पद नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने अध्यक्ष पद छोड़ा। फिर कहा गया कि वो खुद अध्यक्ष बन जाएंगे लेकिन वो नहीं बने। इसके बाद कहा गया कि अध्यक्ष पद के चुनाव को टाल दिया जाएगा लेकिन वो भी नहीं टाला गया। भारत जोड़ो यात्रा के जरिए राहुल गांधी ने एक मजबूत और गंभीर नेता की छवि बनाई है।

इस यात्रा के जरिये राहुल गांधी ने भारतीय जनता पार्टी के सामने एक ताकतवर विकल्प के रूप में खड़े होने की कोशिश की है। अब लोग राहुल गांधी को गंभीरता से ले रहे हैं। इसके अलावा राहुल गांधी विपक्ष के नेताओं में भी आगे निकल गए हैं। अब तक ममता बनर्जी, अरविंद केजरीवाल, मायावती, अखिलेश यादव सभी राहुल गांधी की गंभीरता पर सवाल उठाते रहे थे। आज उन सभी को लगने लगा है कि उनके बिना विपक्ष की एकता मुमकिन नहीं है। हर यात्रा का कोई राजनीतिक उद्देश्य होता है। राहुल की यात्रा भी इससे अछूती नहीं है। खासतौर से यह देखते हुए कि अगले साल लोकसभा चुनाव है। इस साल कई राज्यों में विधानसभा चुनाव हैं। इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता है कि राहुल की भारत जोड़ो यात्रा ने देश में हलचल पैदा की है। जिन-जिन राज्यों से यह पद यात्रा गुजरी है वहां पार्टी और कार्यकर्ता सक्रिय हो गए हैं। एक तरह से कहा जा सकता है कि इस यात्रा से कांग्रेस पार्टी को नई जान मिली है।

भारत जोड़ो के नारे में राहुल गांधी कितने कामयाब हुए हैं इसका पता तो बाद में चलेगा। लेकिन इस दौरान राहुल गांधी जिस तरह लगातार प्रधानमंत्री को घेरते रहे उससे उन्हें फायदा हुआ है। सबसे पहले तो वो कांग्रेस के निर्विवादित नेता बन गए हैं। कांग्रेस में सभी ने राहुल गांधी के नेतृत्व को स्वीकार कर लिया है।

राहुल गांधी की पद यात्रा के नतीजे इसी साल से दिखने शुरू हो जाएंगे। इस वर्ष राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, तेलंगाना, त्रिपुरा, मेघालय, नागालैंड और मिजोरम सहित नौ राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं। इनमें राजस्थान और छत्तीसढ़ में कांग्रेस के सामने सरकार बचाने की चुनौती होगी। 2024 के लोकसभा चुनाव में भी कांग्रेस को स्थिति मजबूत करने की जरूरत है। यह तभी होगा जब कांग्रेस नौ राज्यों के विधानसभा चुनावों में बेहतर प्रदर्शन करे। इन नौ राज्यों के नतीजों से ही राहुल गांधी व कांग्रेस पार्टी का भविष्य तय होगा।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना



रमेश सर्राफ धमोरा
झुंझुनू राजस्थान

## यादों की बारिश

तेरी यादों की बारिश हो, तो आंखें भीग जाती हैं।
काम आती न दानिश हो, तो आंखे भीग जाती हैं।
कभी वो भी पलट के पूंछ लें, बीमार दिल का हाल,
नुमाईश की यूं ख़्वाहिश हो, तो आंखें भीग जाती है।
ग़में तन्हाई के आलम में यूं, ख़ातिर समाअत के,
दीवारों से फ़रमाईश हो, तो आंखें भीग जाती हैं।
है इंतज़ार हर लम्हें बस, उनके दीदार का,
दिल की यूं आज़माईश हो, तो आंखे भीग जाती हैं।
रुह के इस ऐवान को, किया रौशन चरागों से ,
ऐसी रब की नवाजिश हो,
तो आंखें भीग जाती हैं

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना



पुष्पा स्वाती
मुम्बई

## नाक लीला (व्यंग)

हमें भगवान ने सुंदर शरीर तो दिया ही है,साथ में उन्हे ऋतुओं के प्रहार से बचाने के उपाय भी दिए हैं।गर्मी में तो खास जरूरत नहीं पड़ती बचाव की न ही बारिशों में,सिर्फ छाता या रेनकोट काफी हो जाता है।सर्दियों की खास अहमियत है,हाथों को मोजे,शरीर पर स्वेटर,गले में गुलु बंद , कान और सर के लिए कान टोपी पैरों में भी जुराबें और बाकी न रह जाएं आंखे तो उसे चश्मों से ढक कर ठंड से बचाया जा सकता है।लेकिन संवेदनशील नाक,उसे सामाजिक तरीके से भी बचाना मुश्किल है,जब भी देखों नाक का सवाल तो खड़ा ही रहता है।किसी से बहस हो तब नाक का सवाल,खाने में किसी को पहले परोसा जाएं तो नाक आड़े आ जाता है।पत्नी से बहस,बच्चों से बहस बस नाक आड़े आता ही रहता है।

लेकिन इसे तो सर्दी से बचाना आवश्यक बन जाता है।सोचा उसको भी टोपी पहनाने की तो लेकिन सांस कैसे ली जाएं? फिर सोचा हाथ में रूमाल रख नाक पर रख दिया जाएं किंतु कितनी देर? हाथ ही थक जाना है।स्वास की गति में अवरोध स्वास्थ्य के लिए हानिकारक सिद्ध होगा।पत्नी से इतनी बहस के बाद झल्ला कर बोली,÷ नाक में बाम भरलो।÷ अपने राम तो सुझाव सुन खुश हो गए ,उंगली पर बाम लगा कर नाक के नजदीक ले ही गया था कि एक जलन के एहसास से रूह तक कांप गई थी।अब तो जो होना था हो ही गया।नाक को ठंड का सांप सूंघ ही गया।घर का नल खराब होता है जैसे नाक में से अविरत जल धारा बहने लगी।और निच्छों का सिलसिला लगातार,बार बार चालू हो गया।मेरे नाक की हालत देख आंखें भी रो पड़ी।अब परेशान हो गर्म चाय का आसरा लिया किंतु कुछ देर बाद वही ढाक के तीन पात।बेताबी से उस जलप्रपात के रुकने की राह हाथ में रूमाल ले देखता रहा।और ये क्या जल प्रपात रुका तो ऐसा कि नाक के दरवाजों को बंद,तालाबंदी सा बंद कर दिया।जैसे लोग हड़ताल पर बैठे हो,जरा सी भी जगह नहीं दे रहे थे हवा को अंदर प्रवेश के लिए।अब क्या मुखद्वार खोल हवा को प्रवेश तो दे दिया लेकिन कितनी देर? बस अब तो बहुत हुआ लेकिन क्या करें?नाक पर तो जैसे भारी तालें लग गए थे।कितनी भी जोर से स्वास लो किंतु सिसकारों की ही आवाज आ रही थी हवा का प्रवेश बंद था।बस अपने आप मुखद्वार खुल हवा की आपूर्ति कर लेता था।साथ में किलों भर के सर में भी नौ ग्राम के नाक से सर्दी का अतिक्रमण हो चुका था।अब नाक में बाम तो नहीं लगाया किंतु रूमाल में लगा नाक के नजदीक रखा तो कुछ अच्छा लगा।आंखें बंद कर सोने की कोशिश में हाथ नाक से हट गया और नाक की दोनों टनल अलग अलग व्यवहार करने लगी ,एक बंद तो दूसरी खुली,आंख खुल ही गई और हाथ से रूमाल फिर नाक पर रख दिया।मेरी इस तकलीफ की बात कॉलोनी में वायु के वेग से प्रसारित हो गई, मैंने समझा टीवी के समाचार में प्रसारित हुई होगी।चार चार पड़ोसी एकसाथ आए और सब के पास दो तीन उदाहरण के साथ सुजाव थे।किसी की सास,तो किसी की साली या साले को मेरी जैसी तकलीफ हुई थी और उन्होंने क्या क्या किया उसके बखान हो रहे थे। स्टीम लेने से लेकर गर्म काढ़ा पीने तक,और तो और मैंने इतनी सर्दी में अपने आप को बचाया क्यों नहीं तक के उलाहना मिल ने लगी।सब चले गए तो खाना खाया तो लगे जैसे रोज नाक से ही खाना खाता रहा हूं शायद जरा भी स्वाद नहीं आ रहा था।फिर भी थोड़ा बहुत खा कर सो गया।सुबह जब आंख खुली तो जैसे बारिशों में भरे नालें बारिश बंद होने के कुछ देर बाद खाली हो जातें है वैसे अपने नाक को हल्का फुल्का आसानी से हवा ग्रहण कर त्याग करता महसूस कर खुशी से झूम उठा मैं।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना



जयश्री बिरमी
अहमदाबाद
गुजरात

## मसाइल

पड़ते रहते हैं मसाइल में
दिल-ए-नादाँ भी
सिर्फ नियामत ही नहीं
इश्क़ ग़म-ए-पिन्हाँ भी
तेरी तस्वीर,
तेरा जमाल-ए-रुख़ अच्छा है
मेरी रग-रग में दौड़े
तू बनके रग-ए-जाँ भी
सिर्फ गुलशन ही नहीं मिलते
मुसाफ़िर को यहाँ
चलने पड़ते हैं कई रोज़
कुछ बयाबाँ भी
कोई जुगनू या कोई तितली
कभी छू कर देख
चलती राहों पे बसा दे
कभी गुलिस्ताँ भी
गीत कितने हैं सजे
लब पे दुआओं वाले
बैठे हैं उनपे लुटाए हुए
दिल-ओ-जाँ भी

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना



प्रियंका अग्निहोत्री गीत
वाराणसी उत्तरप्रदेश

# जागरूकता से ही हारेगा कैंसर

कैंसर' एक ऐसा शब्द है, जिसे अपने किसी परिजन के लिए डॉक्टर के मुंह से सुनते ही परिवार के तमाम सदस्यों के पैरों तले की जमीन खिसक जाती है। दरअसल परिजनों को अपने परिवार के उस सदस्य को हमेशा के लिए खो देने का डर सताने लगता है। बढ़ते प्रदूषण तथा पोषक खानपान के अभाव में यह बीमारी एक महामारी के रूप में तेजी से फैल रही है। कैंसर के संबंध में यह जान लेना बेहद जरूरी है कि यह बीमारी किसी भी व्यक्ति को किसी भी उम्र में हो सकती है लेकिन यदि सही समय पर इसका पता लगा लिया जाए तो उपचार संभव है। विश्व स्वास्थ्य संगठन का मानना है कि भारत में पिछले दो दशक के दौरान कैंसर मरीजों की संख्या दोगुनी हो गई है और प्रतिवर्ष कैंसर से पीड़ित लाखों मरीज मौत के मुंह में समा जाते हैं। हालांकि कुछ वर्ष पूर्व तक कैंसर को एक असाध्य अर्थात् लाइलाज रोग के रूप में जाना जाता था लेकिन पिछले कुछ वर्षों में कैंसर के उपचार की दिशा में क्रांतिकारी खोजें हुई हैं और अब अगर समय रहते कैंसर की पहचान कर ली जाए तो उसका उपचार किया जाना काफी हद तक संभव हो जाता है।

दुनियाभर में कैंसर के मामलों को कम करने के लिए कैंसर तथा उसके कारणों के प्रति लोगों को जागरूक किए जाने की आवश्यकता महसूस की जा रही है ताकि वे इस बीमारी, इसके लक्षणों और इसके भयावह खतरे के प्रति जागरूक रहें। दरअसल कैंसर के करीब दो तिहाई मामलों का बहुत देर से पता चलता है और कई बार तब तक बहुत देर हो चुकी होती है। इसीलिए लोगों को कैंसर होने के संभावित कारणों के प्रति जागरूक करने के लिए प्रतिवर्ष 4 फरवरी को 'विश्व कैंसर दिवस' मनाया जाता है। दरअसल कैंसर से लड़ने का सबसे बेहतर और मजबूत तरीका यही है कि लोगों में इसके बारे में जागरूकता हो, जिसके चलते जल्द से जल्द इस बीमारी की पहचान हो सके और शुरूआती चरण में ही इस बीमारी का इलाज संभव हो।

यदि कैंसर का पता शीघ्र ही लगा लिया जाए तो उसके उपचार पर होने वाला खर्च बहुत कम हो जाता है लेकिन इसकी पहचान अगर विकसित दशा में होती है तो उपचार की लागत कई गुना बढ़ जाती है। कैंसर के तीसरे या चौथे चरण में पहुंच जाने की स्थिति में मरीज का इलाज मुश्किल हो जाता है और खर्च भी अपेक्षाकृत काफी बढ़ जाता है। ऐसे मरीजों के लंबा जीवन जीने की उम्मीदें भी कम हो जाती है। यही वजह है कि जागरूकता के जरिये इस बीमारी को शुरूआती दौर में ही पहचान लेना बेहद जरूरी माना गया है क्योंकि ऐसे मरीजों के इलाज के बाद उनके स्वस्थ एवं सामान्य जीवन जीने की संभावनाएं काफी ज्यादा होती हैं। हालांकि देश में कैंसर के इलाज की तमाम सुविधाओं के बावजूद यदि हम इस बीमारी पर लगाम लगाने में सफल नहीं हो पा रहे हैं तो इसके पीछे इस बीमारी का इलाज महंगा होना एक बहुत बड़ी समस्या है। वैसे देश में जांच सुविधाओं का अभाव भी कैंसर के इलाज में एक बड़ी बाधा है, जो बहुत से मामलों में इस बीमारी के देर से पता चलने का एक अहम कारण होता है।

वैसे तो कैंसर कई प्रकार का होता है और हर प्रकार के कैंसर के होने के कारण भी अलग-अलग होते हैं किन्तु इस बीमारी के कुछ ऐसे मुख्य कारक होते हैं, जिनकी वजह से किसी को भी कैंसर का खतरा हो सकता है। वजन बढ़ना या मोटापा, शारीरिक सक्रियता का अभाव, अधिक मात्रा में अल्कोहल तथा नशीले पदार्थों का सेवन करना, पौष्टिक आहार न लेना, नियमित व्यायाम न करना इत्यादि इन कारणों में शामिल हो सकते हैं। कैंसर एक ऐसी खामोश बीमारी है, जिसके कभी-कभार कोई लक्षण सामने नहीं आते किन्तु कैंसर के अक्सर जो लक्षण सामने आते हैं, उनकी जानकारी होना बहुत जरूरी है ताकि ऐसे लक्षण नजर आते ही तुरंत डॉक्टर से सम्पर्क कर जरूरी जांच करा ली जाएं। ऐसे ही लक्षणों में लगातार वजन घटते जाना, शरीर में रक्त की कमी होते जाना, तेज बुखार आना और बुखार का ठीक न होना, निरन्तर थकान व कमजोरी महसूस करना, चक्कर आना, उल्टी होना, भूलना, दौरे पड़ना शुरू होना, आवाज में बदलाव आना, सांस लेने में दिक्कत होना, पेशाब और शौच के समय खून आना, खांसी के दौरान खून आना, लंबे समय तक कफ रहना और कफ के साथ म्यूकस आना, कुछ भी निगलने में दिक्कत होना, गले में किसी भी प्रकार की गांठ होना, शरीर के किसी भी हिस्से में गांठ या सूजन होना, स्तन में गांठ, माहवारी के दौरान अधिक स्राव होना इत्यादि शामिल हैं।

आधुनिक जीवनशैली, नियमित व्यायाम न करना, भोजन की शुद्धता पर ध्यान न देना, प्रदूषित वातावरण इत्यादि कई ऐसे अहम कारण हैं, जो शरीर में कैंसर विकसित होने के प्रमुख कारक हो सकते हैं। कैंसर के संबंध में यह जान लेना बेहद जरूरी है कि आखिर यह है क्या? हमारे शरीर की कोशिकाएं जब अनियंत्रित होकर अपने आप तेजी से बढ़ने लगती हैं तो कोशिकाओं के समूह की उस अनियंत्रित वृद्धि को ही कैंसर कहते हैं। जब ये कोशिकाएं टिश्यू को प्रभावित करती हैं तो कैंसर शरीर के अन्य हिस्सों में फैल जाता है और ऐसी स्थिति में कैंसर काफी घातक हो जाता है। दुनियाभर में कैंसर से लड़ने और इस पर विजय पाने के चिकित्सीय उपाय हो रहे हैं और चिकित्सा के क्षेत्र में शोधकर्ताओं के प्रयासों के चलते कैंसर का प्रारम्भिक स्टेज में इलाज अब संभव है। यही कारण है कि 1990 के बाद से कैंसर से मरने वालों की संख्या में करीब 15 फीसदी की कमी आई है। कीमोथैरेपी, रेडिएशन थैरेपी, बायोलॉजिकल थैरेपी, स्टेम सेल ट्रांसप्लांट इत्यादि के जरिये कैंसर का इलाज होता है किन्तु यह इलाज प्रायः इतना महंगा होता है कि एक गरीब व्यक्ति इतना खर्च उठाने में सक्षम नहीं होता। इसीलिए जरूरत इस बात की महसूस की जाती रही है कि ऐसे मरीजों के इलाज के लिए सरकार द्वारा इलाज में यथासंभव सहयोग की पुख्ता व्यवस्था की जाए।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना



योगेश कुमार गोयल
नजफगढ़, नई दिल्ली

# चौरी-चौरा जन विद्रोह के जन नायकः कोमल पहलवान

चौरी चौरा विद्रोह राष्ट्रीय आंदोलन की एक प्रमुख घटना है।चौरी - चौरा उत्तर- प्रदेश के गोरखपुर जनपद मुख्यालय से लगभग 30 किलोमीटर दूर देवरिया मार्ग पर है।चौरी-चौरा के 10 किलोमीटर के रेंज में सरैया चीनी मिल और नील के 4 मिल थे।यहां खेती उन्नत दशा में थी।खेती पर जमींदारों का एकाधिकार था। किसान कामगार मजदूर जमींदारों के तरह- तरह के लगान और बेगार से पीड़ित और प्रताड़ित थे।मजदूरो के लंबे उत्पीड़न सच में चौरी चौरा विद्रोह का प्रमुख कारण है।

प्रारंभ में चौरी-चौरा विद्रोह को सम्मानित करने के बजाय उसे उपेक्षित किया गया।राष्ट्रीय आंदोलन की पहली घटना है जो अंग्रेजो के खिलाफ जबर्दस्त प्रतिकार थी।चौरी-चौरा विद्रोह एक अभूतपूर्व घटना थी जिसमे विद्रोहियों ने पुलिस और जमींदारों के ज्यादती से तंग आकर 4 फरवरी 1922 को चौरी चौरा पुलिस थाने में आग लगा दी थी जिसमे 23 पुलिस कर्मियों की मौत हो गई थी।इस घटना ने ब्रिटिश हुकमत को हिला कर रख दिया था और घटना से आहत होकर महात्मा गांधी ने असहयोग आंदोलन स्थगित कर दिया था।

इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने इस मामले में अदालती कार्यवाही के बाद 19 लोगो को फांसी,14 लोगो को उम्र कैद और कई एक को विभिन्न सजाए दिया था।यह मुकदमा अब्दुल्लाह व अन्य बनाम ब्रिटिश हुकूमत के नाम चला था।

इतिहास की कमजोरियों और चालाकियों के कारण बलिदानियों के शौर्य को कम आंका गया।

इस आंदोलन के नेतृत्व कर्ताओ में एक थे गोरखपुर जनपद के ब्रह्मपुर ब्लॉक के राजधानी गांव निवासी 40 वर्षीय अब्दुल्लाह चूड़ीहार।

अब्दुल्लाह के रिश्तेदार नजर अली जो इस विद्रोह के शहीद हैं, वो रंगून से लौटे थे उनको देश दुनिया में हो रहे हलचलों की खबर थी।अब्दुल्लाह भी देश के हालात और गुलामी से वाकिफ थे।

गोरखपुर और आसपास में जब असहयोग आंदोलन की चर्चा शुरू हुई तो अब्दुल्लाह उसमे भाग लिए बिना नहीं रह सके।फ़रवरी 1921में गांधी जी का भाषण सुनने भगवान अहीर,विक्रम और नजर अली के साथ गोरखपुर गए थे।

अब्दुल्लाह इसके बाद जल्द ही पत्नी तीलिया और 2-3 साल के बेटे रसूल को छोड़कर लगभग 40 साल की उम्र में अहमदाबाद कमाने चले गए ।

वहां कांग्रेस के राष्ट्रीय अधिवेशन में स्वयं सेवक के रूप में मुस्लिम मेस में काम किए थे।

अब्दुल्लाह अधिवेशन में हुई चर्चा से प्रभावित थे।वहीं उन्हें रूसी क्रांति और मजदूरों किसानों के राज्य की स्थापना की जानकारी मिली।

मजदूर किसान के राज का स्वप्न लिए अब्दुल्लाह अपने गांव राजधानी आए।राजधानी गांव में 1887 में स्कूल खुल चुका था।यहां का अभिजात्य वर्ग पढ़ लिखा था।अब्दुल्लाह का व्यवसाय ऐसा था कि आम लोगो से जुड़ाव था।ऐसे में बहुत कुछ देख सुन कर समझ लिए थे।

यह वही दौर था जब देश में गांधी जी के असहयोग आंदोलन के समर्थन में लगातार असहयोग कर रहा था। विद्रोही विक्रम अहीर,भगवान अहीर,प्रधान अहीर और कोमल पहलवान थे।उस दौर के 40-50 किलोमीटर के पहलवानों में आपसी सम्बन्ध थे।डूमरी खुर्द के अखाड़े के उस्ताद नजर अली थे।

सहुआकोल के कोमल पहलवान चौरी-चौरा विद्रोह के समय थाने में थे।इस विद्रोह के बाद इनकी भी गिरफ्तारी हुई थी।कोमल पहलवान पहले व्यक्ति है जो जेल से भागने में सफल हो गए थे लेकिन पुनः गद्दारों की मुखबिरी के बाद इनकी गिरफ्तारी और 1924 के गर्मियों में इनकी फांसी हो गई।

80 वर्षीय कॉमरेड पुरुषोत्तम त्रिपाठी और कॉमरेड गिरजेश सिंह 1920 में गोरखपुर के बड़हलगंज में हुए ग्वाल विद्रोह को चौरी-चौरा विद्रोह का एक कारक मानते हैं।

कोमल पहलवान ने उस विद्रोह में जमींदारों से लोहा लिया था।

अब्दुल्लाह और कोमल की अपने अपने इलाके के जमींदारों से अदावत थी।ये लोग सामंतों के उत्पीड़न के शिकार थे।

सजा ए मौत के बाद अब्दुल्लाह अपने गांव के जमींदारो के ऊपर विद्रोह में फसाने का आरोप लगाते हुए मर्शी अपील किए थे।इन सब बातों से प्रतीत होता है कि अब्दुल्लाह और कोमल सर्वहारा नेता थे जो आम आदमी की सामंती उत्पीड़न से भी मुक्ति चाहते थे।

कोमल पहलवान का आना जाना राजधानी के गोकुल अहीर और ठाकुर अहीर के वहां था।चौरी-चौरा के आसपास के पहलवानों से कोमल पहलवान का अच्छा संबंध था।स्थानीय लोगों का मानना है कोमल इस विद्रोह के प्रमुख किरदार थे जिनका अब्दुल्लाह के गांव राजधानी आना जाना था।यह सम्भव है कि उनका सम्बन्ध अब्दुल्लाह से रहा हो।कोमल पहलवान के गांव के रिटायर्ड प्रिंसिपल आर एस दुबे बताते हैं कि कोमल पहलवान स्थानीय जमींदारों से लोहा लिए थे।

ब्रिटिश हुकूमत का जमींदारों के गठजोड़ का नतीजा रहा कि विद्रोह के बाद कोमल का घर ब्रिटिश हुकुमत ने जमींदोज कर दिया था।श्री दुबे आगे बताते हैं कालांतर में उनके परिजन चैनपुर गांव में बस गए। चौरी चौरा के आम बुजुर्ग आज भी कहते मिल जायेंगे की कोमल चौरा थानवा फुक्ले रहने।

असहयोग आन्दोलन के प्रारंभ में स्वयं सेवकों की भर्ती प्रक्रिया शुरू की गई थी।लाल मोहम्मद,नजर अली,भगवान अहीर सबसे पहले नेशनल वालिंटियर बन गए थे। राजधानी मंडल के अध्यक्ष अब्दुल्लाह थे।13 जनवरी,1922 को डूमरी खुर्द में मण्डल स्थापना के बाद दूसरी मीटिंग चार फरवरी शनिवार को हुई।इस बीच भगवान अहीर की थानेदार गुप्तेश्वर सिंह ने अकारण पिटाई कर दी थी जिससे स्वयं सेवक बहुत आहत थे।स्वयं सेवकों के मीटिंग के बाद उनका जत्था भीड़ की शक्ल में अनुशासित ढंग से थानेदार से पूछने की नियति से थाने पर गई उनके सवालों का जवाब न देकर थानेदार के जातीय अहंकार ने रणनीतिक चूक के तहत भीड़ पर गोली चलवा दी जिसमें तीन गरीब किसान मजदूर मौके पर दम तोड़ दिए। जिसके बदले में भीड़ ने प्रतिहिंसा कर दी और इतनी बड़ी घटना घट गई।

अदालती कार्यवाही के बाद 19 लोगो को सजा ए मौत के बाद विभिन्न जेलों में फांसी दे दी गई।विद्रोह के प्रमुख नायकों में से एक

अब्दुल्लाह की फांसी बाराबंकी के जिला कारागार में 3 जुलाई 1923 को प्रातः 6 बजे हुई थी।

क्रांतिकारियों से अलग मुकदमे में 1924 में कोमल की फांसी हो गई।कोमल पहलवान के लडके जीतन पहलवान भी विद्रोह के बाद खूब चर्चा में रहे। वर्ष 2021 में जब मैं सहुआकोल पहुंचा तो संयोग से कोमल पहलवान के परिजन पहलवान के सहादत का वीर रस विरहा सुन रहे थे।मैं देख कर दंग रह गया सैकड़ों वर्ष बीत जाने के बाद उनके गांव और आसपास के लोग बहुत शिद्दत से उन्हे याद करते हैं। कोमल पहलवान की बहुत सी कहानियां लोक में प्रचलित है। वैसे अंग्रेजो ने कोमल पहलवान को डकैत घोषित किया था। उस दौर में हुकूमत के खिलाफ बगावत करने वालो को अंग्रेज डकैत ही कहते थे।

राष्ट्रीय आंदोलन के महानायकों को इतिहास में विशेष जगह नहीं मिली। चौरी चौरा जन विद्रोह का वास्तविक इतिहास कोमल पहलवान के बगैर पूरा नहीं हो सकता।उनके बयोबृद्ध पौत्र फौजदार जिनका गुलाम भारत में नामकरण अंग्रेजो ने किया था कहते है ------ कोमल बाबा चौरा फूक के तहस नहस कर दिए थे।

भगवान और रुदली केवट पेंशन भोगी सैनिक थे।ये दोनों प्रशिक्षित थे स्वयं सेवकों को प्रशिक्षित करते थे।

जब इतिहास सच्चे नायकों के साथ न्याय नहीं करता है तो लोक अपने नायकों को खुद सम्मानित करता है।डूमरी खुर्द में आज भी मोहर्रम के गीतों में महिलाएं नजर अली और विक्रम की कुर्बानी को याद करती हैं।जननायक कोमल पर वीर रस के बिरहा आज भी गाए जाते हैं मसलन --- सहुआ कोल के कोमल जगलन फूकने चौरा थनवा आदि आदि


देश पर मर मिटने वाले सच्चे वीरो के परिजन को भूख का भय सताता रहे उपेक्षा इंतहा तक हो तो सरकारी तंत्र पर सवाल निः संदेह उठेगा। तीसरी पीढ़ी के फौजदार और उनके भाई के परिजन की दशा अत्यंत दयनीय है।

चौरी-चौरा विद्रोह पर पहली पुस्तक कॉमरेड राममूर्ति ने लिखी थी।दूसरी पुस्तक अनिल श्रीवास्तव ने लिखा।इतिहासकार शाहीद अमीन ने अंग्रेजी में चौरी - चौरा जन विद्रोह पर एक खोजपरक किताब लिखकर सबका ध्यान चौरी- चौरा जन विद्रोह की तरफ आकृष्ट किया।

वर्ष 2014 में इतिहासकार सुबाष कुशवाहा ने चौरी-चौरा जन विद्रोह पर एक प्रामाणिक शोधपरक,विस्तृत पुस्तक लिख कर इस विद्रोह को समझने मेंआसानी कर दी।

इन चारो लेखक ने कोमल पहलवान समेत सभी बलिदानियों के शौर्य पर प्रकाश डाला है।

राष्ट्रीय आंदोलन में चौरी चौरी विद्रोह ने सर्वाधिक हस्तक्षेप किया।यह विद्रोह देश के आजादी के लिए निर्णायक रहा। अफसोस,चौरी चौरा जन विद्रोह के उन्नीस नायकों की फांसी 2 जुलाई से ग्यारह जुलाई 1923 के बीच हुई थी लेकिन आज भी चौरी चौरा स्मारक पर सबके फांसी की तारीख दो जुलाई ही अंकित है।दुर्भाग्य की इन्तहा है कि चौरी-चौरा विद्रोह के मुख्य नायक कोमल पहलवान का स्मारक स्थल पर कहीं कोई जिक्र नही है।



योगेन्द्र यादव
जिज्ञासु
गोरखपुर उत्तरप्रदेश

## जिंदगी की भाग दौड़ में

जिंदगी की इस भाग दौड में,
खामोशी का भी दौर होना चाहिये।
कब तक जीये संजीदा बन कर,
कि हँसी का भी दौर होना चाहिये।
खुदगर्जी के इस माहौल में,
इसी बहाने दोस्तों को आजमाये,
हम भी फँसे मुश्किलों में कभी,
बेबसी का भी दौर होना चाहिये।
माना कि मुश्किलें है हजारों,
और राह में काँटे भी बिखरे है,
मगर तूफानी लहरों के थपेडों में,
जिंदगी का भी दौर होना चाहिये।
क्यूँ बहलते हो झूठी हमदर्दी से,
क्यूँ किसी का कांधा चाहिये रोने,
अपनी हिम्मत अपने पास रखो,
कि खुशी का भी दौर होना चाहिये।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना




ओमप्रकाश बिन्जवे राजसागर
भोपाल,मध्यप्रदेश

## जादू

मुझे मिलता प्यार बेशुमार तुम्हारा है
मेरे जीने का वही बस एक सहारा है
जब उलझनों से लड़,थक जाता हूँ मैं
तुम्हारा यकीं मुझे देता हौसला सारा है
तुम्हारे बिना जीवन नहीं लगे प्यारा है
सब से बढ़कर तुम से मेरा याराना है
जब तन्हा होता हूँ रिश्तों की भीड़ में
तुम्हारी पनाह में सुकून मिले सारा है
तुमने भरा ख़ुशियों से मेरा पिटारा है
तुम्हारे होने से बुलंद मेरा सितारा है
परी बन कर आयी तुम आसमान से
मेरी ख़ुशियों के पीछे जादू तुम्हारा है

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना



आशीष शर्मा अमृत
जयपुर, राजस्थान

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

CMYK

# बंदूक दिखाकर युवती से जबरन शादी करने का दबाव बनाया,3 गिरफ्तार

- संवाददाता -
अंबिकापुर,03 फरवरी 2023
(घटती-घटना)।

जबरन युवती से शादी करने का दबाव बनाते हुए एक युवक ने अपने साथी के साथ बंदूक लेकर युवती के घर पहुंच गया और डराधमका कर मारपीट करने लगा। सूचना सीतापुर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने इनके निशानदेही पर बंदूक उपलब्ध कराने वाले आरोपी को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 506, 323, 458, 34 व 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

जानकारी के अनुसार सीतापुर निवासी परवेज कुरैसी ने 2 फरवरी को सीतापुर थाने में आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि सैयद निषाद द्वारा शादी की बात को लेकर आवेश में आकर अपने एक साथी के साथ मेरे घर में घुसकर बंदूक दिखाते हुए मारपीट कर रहा है।



वह जबरन मेरी बहन से शादी करने का दबाव बना रहा है। परिवार वालों ने सैयद निषाद को पकड़ लिया गया है एवं उसका साथी शाहिद अंसारी मौके से फरार रहो गया है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी सैयद उर्फ़ आर्या खान निवासी सीतापुर को मौके से गिरफ्तार किया। पुलिस ने इसके निशानदेही पर मौके से फरार आरोपी अंबिकापुर निवासी शाहिद और हथियार उपलब्ध कराने वाला अर्जुन गिरी उर्फ उमेश गिरी निवासी अंबिकापुर को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 506, 323, 458, 34 व 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक शिशिरकान्त सिंह, सहायक उप निरीक्षक शिवचरण साहू, सहायक उप निरीक्षक अलंगो दास, बीएम सिंह, प्रधान आरक्षक रामबच्चन, आरक्षक संजय एक्का, एहसान फिरदौशी, धनेश्वर यादव, सहायक आरक्षक जोगी बड़ा शामिल रहे।

# खेलो इंडिया यूथ गेम में छत्तीसगढ़ बास्केटबॉल बालिका टीम फाइनल में




**मध्य प्रदेश को 63-39 से हराया**

- संवाददाता -
अंबिकापुर,03 फरवरी 2023
(घटती-घटना)।

इंदौर में 5वां खेलो इंडिया यूथ गेम 2023 का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ बालिका बास्केटबॉल की टीम ने भी हिस्सा लिया है। शुक्रवार को सेमीफाइनल मुकाबला छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश के बीच खेला गया। जिसमें मध्य प्रदेश को 63-39 से पराजित कर छत्तीसगढ़ बास्केटबॉल बालिका टीम फाइनल में पहुंच गई है। सरगुजा बास्केटबॉल संघ के अध्यक्ष अदित्येश्वर शरण ङ्क्ससहदेव ने कहा कि इस उपलब्धि के लिए विशेष तौर पर सभी खिलाड़ी एवं साईं इंटरनेशनल कोच के राजेश्वर राव, राजेश प्रताप सिंह, उमेश सिंह ठाकुर एवं राधा राव का महत्वपूर्ण योगदान है। छत्तीसगढ़ बास्केटबॉल बालिका टीम के खिलाडियों ने कहा कि फाइनल मुकाबला में हम जीत कर गोल्ड मेडल छत्तीसगढ़ के नाम करेंगे। छत्तीसगढ़ टीम में सरगुजा की राष्ट्रीय खिलाड़ी साक्षी भगत भी शामिल है।

# सीतापुर कॉलेज ने इंजीनियरिंग कॉलेज अंबिकापुर को हराया

**» स्व. एमएस सिंह देव स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता**

- संवाददाता -
अंबिकापुर,03 फरवरी 2023
(घटती-घटना)।

स्व. एमएस सिंह देव स्मृति कालेज स्तरीय क्रीडा प्रतियोगिता गांधी स्टेडियम अंबिकापुर में खेला जा रहा है। जिसमें शुक्रवार को सीतापुर कॉलेज शिवम इंजीनियरिंग कॉलेज अंबिकापुर के मध्य खेला गया। जिसमें इंजीनियरिंग कॉलेज में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 73 रन बनाए। रनों का पीछा करते हुए सीतापुर कॉलेज की टीम ने निर्धारित 10.2 ओवर में 74 रन बनाकर जीत दर्ज की। इस मैच के मैन ऑफ द मैच सीतापुर कॉलेज के जानसन तिर्की रहे। इस मैच के निर्णायक संतोष जयसवाल, शोभिक दास गुप्ता, रवि शंकर भगत, कमल निकुंज, अरुण पटवा, इशहाक तिर्की थे। इस दौरान संघ के अध्यक्ष सोमेंद्र प्रताप सिंह एवं सचिव विनीत जायसवाल उपस्थित थे।



# भजन सत्संग के माध्यम से सभी को खाटू धाम का रास्ता बताना है उद्देश्य

- संवाददाता -
अंबिकापुर,03 फरवरी 2023
(घटती-घटना)।

शहर के होटल ग्रैंड बसंत में श्याम लाडला परिवार द्वारा द्वितीय श्याम संकीर्तन महोत्सव का आयोजन शुक्रवार को किया गया। इस आयोजन में पहुंचे राजस्थान के खाटू धाम स्थित बाबा श्याम मंदिर के डीजे मंदिर पुजारी ने होटल ग्रैंड बसंत में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि वे श्याम के गुणगान की अलख जगाने का काम कर रहे हैं। भजन सत्संग के माध्यम से सभी को खाटू धाम का रास्ता बताना ही उद्देश्य है। उन्होंने बताया कि कोई भी भक्त खाटू धाम पहुंचता है तो उसकी मनोकामना जरूर पूरी होती है। 974 वर्ष पूर्व यहां प्रतिमा निकली थी तब से हमारा परिवार पूजा करता रहा है। श्री श्याम बाबा कृष्ण के अवतार हैं और वे सभी की मनोकामना पूर्ण करते हैं खाटू धाम के पूरे विश्व भर में भक्त हैं। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ में भी 30-40 मंदिर बन चुके हैं।



होटल ग्रैंड बसंत में शुक्रवार को श्याम लाडला परिवार द्वारा दवितीय श्याम संकीर्तन महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें विशेष सानिध्य हेतु राजस्थान के खाटू धाम स्थित बाबा श्याम मंदिर के डीजे मंदिर पुजारी महंत मोहन दास महाराज व श्याम सिंह चौहान महाराज अंबिकापुर पहुंचे। देश की प्रसिद्ध भजन प्रवाह अंजलि द्विवेदी व अमन अग्रवाल लैलूंगा से आकर बाबा श्याम को भजनों से रिझाया। साथ ही पप्पू महाराज (सूरजपुर ) का भी विशेष सानिध्य प्राप्त हुआ। प्रेस वार्ता के दौरान महावीर सिंह, राहुल गर्ग, कैलाश अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, सतीश अग्रवाल ,रवि अग्रवाल, अंकुर अग्रवाल ,अंकित अग्रवाल ,राजेंद्र अग्रवाल, गौरव केडिया, मनीष अग्रवाल, राहुल अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल मौजूद थे।

# प्रेमी जोड़े की हत्या के मामले में आरोपी को आजीवन कारावास की सजा

- संवाददाता -
अम्बिकापुर,03 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

प्रेमी जोड़े की हत्या के मामले में न्यायालय प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश नीलिमा सिंह बघेल आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

जानकारी के अनुसार बतौली थाना क्षेत्र के सुआरपारा निवासी दिलीप पैंकरा का गांव की युवती से प्रेम संबंध था। 23 फरवरी 2021 की रात से दोनों गायब थे। 26 फरवरी 2021 की सुबह गांव में एक ग्रामीण के पैरावट से बदबू आने के बाद जब पैरा हटाकर देखा तो वहां दिलीप पैकरा व उजाला का शव था। दोनों शवों में कमर से नीचे का कपड़ा गायब था। इस मामले में पुलिस ने विवेचना के बाद पुलिस ने गांव के ही संतलाल उर्फ गड्डू को गिरफ्तार कर जेल दाखिल कर दिया था और मामला न्यायालय में चल रहा था। आरोपी ने दिलीप को लकड़ी से मारकर तथा युवती की गला दबाकर हत्या करने के बाद उनके शवों को पैरा में डाल कर छुपा दिया था। न्यायालय प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश नीलिमा सिंह बघेल द्वारा मामले में दोनों पक्षों को सुनने के बाद संतलाल उर्फ गड्डू को हत्या का दोषी करार देते हुए उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इस मामले में शासन की ओर से पैरवी अतिरिक्त लोक अभियोजक हेमंत तिवारी ने की थी।

# सरपंच सहित बड़ी संख्या में लोगों ने किया कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण



- संवाददाता -
प्रतापपुर,03 फरवरी 2023
(घटती-घटना)।

पहिया क्षेत्र की जनपद सदस्य,ग्राम पंचायत के सरपंच सहित बड़ी संख्या में लोगों ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की है।खुंशी में हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के तहत कार्यक्रम के दौरान स्थानीय विधायक व मंत्री डॉ प्रेमसाय सिंह ने उनका अभिनंदन किया।ज्याददतर लोग भाजपा से जुड़े थे और इनका कांग्रेस प्रवेश ब्लॉक अध्यक्ष कुमार सिंह देव और शक्कर कारखाना उपाध्यक्ष जितेंद्र दुबे के प्रयास से हुआ है।

प्रतापपुर ब्लॉक में कांग्रेस का हाथ से हाथ जोड़ो अभियान शुक्रवार को मजगवां,खुंशी और लोलकी पहुंची जिसमें स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ प्रेमसाय सिंह भी शामिल हुए।पदयात्रा के दौरान पहली आमसभा खुंशी में आयोजित हुई जहां डॉ प्रेमसाय सिंह ने ग्रामीणों से कहा कि यह अभियान भाजपा की गलत नीतियों के खिलाफ है जिसका उद्देश्य आप सभी को एकजुट करते हुए केंद्र की निरंकुश सरकार को उखाड़ फेंकना है।जब से केंद्र में भाजपा की सरकार है देश में तनाव और नफरत की स्थिति है।हम सभी कांग्रेस के सिपाही केंद्र में मोदी सरकार की अक्षमता, जन-विरोधी नीतियाँ, विभाजनकारी और विनाशकारी राजनीति जिस वजह से गंभीर बेरोजगारी, महंगाई, वित्तीय संकट और आर्थिक बर्बादी जैसे मुद्दे आपके सामने रखने तथा सच से अवगत कराने अभियान के जरिये निकले हैं।उन्होंने ग्रामीणों को छत्तीसगढ़ सरकार की कई योजनाओं की जानकारी दी और बताया कि वे सभी ग्रामीणों के हित में काम कर रहे हैं।लोलकी में भी आमसभा का आयोजन किया गया तथा अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी सम्बोधित किया।खुंशी में कार्यकम के दौरान कांग्रेस की नीतियों से प्रभावित होकर पहिया के सरपंच रूद्र प्रसाद, जनपद सदस्य कांति नाग एवं उनके पति व पूर्व में विधानसभा चुनाव लड़ चुके पवन नाग के साथ बड़ी संख्या में कांग्रेस की सदस्यता ली।कार्यक्रम के पश्चात लोलकी उच्च माध्यमिक विद्यालय के छात्राओं ने कला विषय के शिक्षक की मांग की जिस पर मंत्री प्रतिनिधि कुमार सिंह देव ने उचित पहल करने का आश्वासन दिया।महामाया शक्कर कारखाना के अध्यक्ष विद्यासागर सिंह,विधयाक प्रतिनिधि अनिल गुप्ता, जिला पंचायत सदस्य मंजू संतोष मिंज, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष बनवारी लाल गुप्ता,सतीश चौबे,नगर पंचायत जरही के अध्यक्ष बीजू दासन,सेक्टर प्रभारी रवि शंकर गुप्ता, जनपद सदस्य सुरेश केराम नगर पंचायत जरही के एल्डरमैन राम प्रवेश यादव व अन्य उपस्थित थे।

## लोलकी जलाशय के लोकार्पण के साथ विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के दौरान स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ प्रेमसाय सिंह ने जल संसाधन विभाग द्वारा बनाये लोलकी जलाशय का लोकार्पण किया।खुंशी में 14 लाख की लागत से बनने वाले सीसी सड़क एवं चार लाख की लागत से बनने वाले नाली का भूमि पूजन किया।इनके साथ लोलकी में भी 14 लाख की लागत से बनने वाले सीसी सड़क निर्माण का भूमि पूजन किया गया।इस दौरान स्कूल शिक्षा मंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में वर्तमान सरकार पूरे प्रदेश के विकास ने लिए प्रतिबद्ध है।यही कारण है कि सड़क पूल पूलिये सहित अन्य विकास कार्य कर रही है।किसानों को सिंचाई सुविधा मिले इसके लिए कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं,बांध व अन्य निर्माण कराए जा रहे हैं।लोलकी जलाशय इसी सोच के साथ बनाया गया है जिसका फायदा किसानों को मिलेगा।यहां जनप्रतिनिधियों के साथ संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता सीपी धुर्वे, उपयंत्री पी एक्का,एसडीओ आरईएस लवली चौधरी व अन्य उपस्थित थे।

# दीप प्रज्वलीत कर मा.वि.जगतपुर में विशेष सात दिवसीय रा.सो.यों शिविर का शुभारंभ

- संवाददाता -
रामानुजनगर,03 फरवरी 2023
(घटती-घटना)।

विद्यार्थियों को समाज के प्रति अपनी दायित्वों को बखुबी समझने के उद्द्वेष्य से आज ग्राम पंचातय जगतपुर के माध्यमिक विद्यालय में विषेष सात दिवसीय प्रषिक्षण षिविर का षुभारंभ ग्राम पंचात के सरपंच श्रीमती अनिता सिंह जी के मुख्य अतिथ्यि मे किया गया, कार्यक्रम की अध्यक्षता षा.बा.उ.मा.वि.रामानुजनगर के प्राचार्य श्री पी.सी.सोनी जी के साथ ही विषिष्ठ अतिथि के रूप मे श्री अर्जुन सिंह (सरपंच पति) के उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम में सर्व प्रथम मुख्य अतिथि के द्वारा सर्वप्रथम स्वमी विवेकानंद जी के छायाचित्र में माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित मुख्य अतिथि महोदया एवं अध्यक्ष महोदय के द्वारा किया गया। उदोपरांत मुख्य अतिथि के द्वारा षिविर में उपस्थित स्वयंसेवको को रा.से.योजना के बारे मे सक्षिप्त जानकारी प्रदान किया गया कि कैसे रा.से.योजना के माध्यम से एक सषक्त राष्ट्र का निमार्ण कैसे किया जा सकता हैं साथ ही साथ एक स्वयं सेवक अपनी सेवाभाव से समाज को अनेक प्रकार के कुरितियों से बचा सकता हैं इस प्रकार के षिविर के आयोजन से स्वयं सेवकों को समाज के प्रति आपने दायित्वों के निर्वह का भी ज्ञात होता हैं। षिविर को शा.बा.उ.मा.वि.रामानुजनगर के प्राचार्य महोदय श्री पी.सी.सोनी जी के द्वारा भी संबोधित किया गया और उपस्थित स्वयं सेवको को षिविर के बारे में जानकारी प्रदान किया गया । कार्यक्रम मे मुख्य रूप से नंद कुमार, रामसागर, हीरा सिंह, श्रीमती मालती सिंह ग्राम पंचायत के सचिव श्री सुबरन सिंह, पूर्व.मा.शा. जगतपुर के प्रधान पाठक श्री विजय कुमार कष्यप जी, षिक्षक प्रदीप कुमार सिंह, प्रा.शा. जगतपुर के प्रधान पाठक श्री बंष बहादुर जी के साथ जगतपुर के प्राथमिक एवं माध्यमिक षालाओं के अनेको अनेक विद्यार्थि उपस्थित थें षिविर में विभिन्न प्रकार के सांस्कृति कार्यक्रम की प्रस्तुती स्व्यं सेवकों एवं विद्यार्थियों के द्वारा किया गया कार्यक्रम का संचालन रा.से.यो.के कार्यक्रम अधिकारी के द्वारा किया गया।





**क्षेत्रीय विधायक के उपस्थिती में हाथ से हाथ जोड़ो पदयात्रा का किया गया शुभारंभ**

क्षेत्रीय विधायक एवं सरगुजा क्षेत्रा विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष माननीय श्री खेलसाय सिंह जी के उपस्थिती में आज जनपद पंचातयत रामानुजनगर के ग्राम पंचायत जगतपुर मे कांग्रेस सरकार की निरंतर विकासमुखी कार्यो की जानकारी एवं सधन सपर्क के दृष्टिगत आज हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम के तहत् सरपंच श्रीमती अनीता सिंह के पूर्व में किये गये आग्रह अनुसार जगतपुर के जनमानस के मांग अनुरूप् आज सामुदायिक भवन निमार्ण का भूमिपुजन किया गया । सरपंच श्रीमती अनीता सिंह जी के द्वारा पंचायत के विकास हेतु पंचायत के विकास संबंधित मांगों का प्रस्ताव सौपा गया जिसें श्री खेलसाय जी के द्वारा आष्वासन दिया गया कि भविष्य से सभी मांगों को पूर्ण करने की पूर्ण प्रयास किया जावेगा। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सूरजपुर जिला पंचायत के उपाध्यक्ष श्री नरेष राजवाड़े जी, जिला पंचायत सभापति श्रीमती उषा सिंह जी, जिला पंचायत सदस्य श्री राजीव सिंह, प्रदीप सहू अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी रामानुजनगर, जनपद सदस्य श्रीमती प्रमिला सिंह जी, परमेष्वर यादव जी, श्रीमती आनंद कुवंर जी, चन्द्रदत्त दुब जी, सचिव ग्राम पंचायत सुबरन सिंह जी , पंचगण, अपार संख्या में ग्रामिणजन उपस्थित रहें।

# ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान की ओर से विकासखंड स्तरीय बैंकर्स कैंप हुआ अयोजित

- संवाददाता -
लखनपुर,03 फरवरी 2023
(घटती-घटना)।

सरगुजा कलेक्टर कुंदन कुमार मुख्य कार्यपालन अधिकारी विश्वदीप के निर्देशानुसार में छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान योजना के डिपीएम मुख्य कार्यपालन अधिकारी लखनपुर वेद प्रकाश पांडे के मार्गदर्शन में अग्रणी बैंक प्रबंधक प्रीयस गौतम के सौजन्य से लखनपुर सामुदायिक भवन में 3 फरवरी दिन शुक्रवार को विकासखंड स्तरीय बैंकर्स कैंप आयोजित हुई। बैंकर्स कैंप में अतिथि के रूप में सेंट्रल बैंक रीजनल मैनेजर दिनेश गर्ग भारतीय स्टेट बैंक रीजनल मैनेजर अमित महतो सहित लखनपुर विकासखंड के छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक सेंट्रल बैंक एचडीएफसी बैंक स्टेट बैंक के ब्रांच मैनेजर मौजूद रहे। बिहान योजना के अधिकारियों कर्मचारियों के द्वारा पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया। रीजनल मैनेजर दिनेश गर्ग रीजनल मैनेजर अमित महतो तथा अग्रणी बैंक प्रबंधक प्रीयस गौतम, डीपीएम सुभाष मिश्रा के द्वारा उपस्थित समूह की महिलाओं को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना अटल पेंशन योजना, मत्स्य पालन ऋण, मुद्रा ऋण ,पशु पालन ऋण के संबंध में तथा अन्य विभागों के साथ समन्वय तथा निराकरण को लेकर विस्तृत जानकारी दी गई। इसका मुख्य उद्देश्य ,बिहान योजना , अंतर्गत गठित स्वयं सहायता समूह के दीदियों के लिए प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना समूह का दोहरीकरण ,बैंक लिंकेज सुकृति व वितरण, व्यक्तिगत स्तर पर मुद्रा ऋण मत्स्य पालन हेतु



ऋण पशुपालन का वितरण करने हेतु रखा गया था। साथ ही अन्य विभागों से संबंधित जानकारियां व समन्वय स्थापित कर अलग उद्देश्य के साथ योजना तैयार कर कार्यक्रम को सफल बनाया जा सके इस संबंध में इस संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। इस कैंप में सेंट्रल बैंक रीजनल मैनेजर दिनेश गर्ग ,स्टेट बैंक रीजनल मैनेजर अमित महतो, ब्रांच मैनेजरो के हाथों 95 समुह व 20मुद्रा लोन मिलकर कुल 10करोड़ 17 लाख का लोन वितरण बैंकर्स कैंप में किया गया। सेंट्रल बैंक लखनपुर से 17 समूह को 1करोड़ 17 लाख, लहपट्रा सेंट्रल बैंक से 7 समूहों को 40 लाख 1लाख मुद्रा लोन ,सेंट्रल बैंक कुन्नी से 13 समूह को 78 लाख ,मुद्रा लोन 360000, छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक लखनपुर से 8 समूहों को 24 लाख 60हजार पुहपुट्रा ग्रामीण बैंक से 9 समूहों को 25 लाख भारतीय स्टेट बैंक लखनपुर से 44 समूहों को 1 करोड़ 16 लाख, मुद्रा लोन 10 लोगों में 60 लाख, एचडीएफसी बैंक लखनपुर से 18,समूह को 40 लाख साथ ही 200 प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, 300 जीवन ज्योति बीमा योजना, 75 अटल पेंशन योजना का वितरण किया गया। इस दौरान सेंट्रल बैंक ब्रांच मैनेजर राजीव रंजन, कुन्नी बैंक मैनेजर राहुल मोदी, लहपट्रा बैंक मैनेजर सुधीर एक्का, भारतीय स्टेट बैंक ब्रांच मैनेजर देवेंद्र दुबे, छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक मैनेजर नरेंद्र श्रीवास्तव, पूहपुट्रा ग्रामिण बैंक मैनेजर दिव्यांशी सिंहदेव ,एचडीएफसी बैंक मैनेजर आनंद त्रिपाठी, राष्ट्रीय आजीविका मिशन ,बिहान, डीपीएम सुभाष मिश्रा, देवेंद्र पटेल ,संतोष दुबे ,एनआरएलएम विभाग के अधिकारी कर्मचारीगण बड़ी संख्या में विकासखंड के समूह की महिलाएं मौजूद रहे।

# स्थानांतरण पर उप पुलिस अधीक्षक यातायात को दी गई विदाई

- संवाददाता -
अंबिकापुर,03 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

पुलिस मुख्यालय से जारी स्थानांतरण आदेश के अनुसार उप पुलिस अधीक्षक यातायात ईमानुवेल लकड़ा को सूरजपुर स्थानांतरित होने पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय मे विदाई समारोह आयोजित कर विदाई दी गई।

पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता द्वारा उप पुलिस अधीक्षक ईमानुवेल लकड़ा के कार्यकाल को सरगुजा जिले की यातायात व्यवस्था के सुचारु संचालन में अभूतपूर्व सहयोग करने एवं सड़क सुरक्षा सप्ताह अंतर्गत आमनागरिकों में जनजागरूकता उत्पन्न करने की सराहना की गई, पुलिस अधीक्षक सरगुजा द्वारा जिला सूरजपुर पदंस्थापना पर हर्ष जाहिर करते हुए आगामी कार्यकाल के लिए शुभकामनायें दी गई, एवं भविष्य मे बेहतर कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। उप पुलिस अधीक्षक



यातायात ईमानुवेल लकड़ा द्वारा वरिष्ठ अधिकारियो कर्मचारियों द्वारा कार्य मे सहयोग करने की भावना के बारे मे बताते हुए अपने कार्यकाल को याद किया साथ ही आगामी समय मे लोकहित मे मिलकर कार्य करने की इक्छा जताई गई। स्थानांतरण पर पुलिस अधीक्षक सरगुजा द्वारा उप पुलिस अधीक्षक ईमानुवेल लकड़ा को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। विदाई समारोह कार्यक्रम के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला, नगर पुलिस अधीक्षक स्मृतिक राजनाला उप पुलिस अधीक्षक एसएस पैकरा, उप पुलिस अधीक्षक कामता सिंह दीवान, रक्षित निरीक्षक जयराम चरमाको, थाना प्रभारी कोतवाली उपनिरीक्षक रूपेश नारंग, चौकी प्रभारी मणिपुर उपनिरीक्षक सरफराज फिरदौसी, रीडर अजीत मिश्रा, सहायक उप निरीक्षक (एम) विवेक शुक्ला सहित पुलिस अधीक्षक कार्यालय के अधिकारी कर्मचारी शामिल रहे।

# शॉर्ट सर्किट से पैरा में लगी आग बाल बाल बचे लोग



- संवाददाता -
सूरजपुर,03 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

ओड़गी मुख्यालय के लगे ग्राम पंचायत खर्रा के नंद बाबा गुर्जर के आंगन में पैरा रखा गया था एवं गाय भैंस रखे हुए थे इसी बीच शॉर्ट सर्किट होने के कारण पैरा पूरी तरह से जलकर खाक हो गया है बिजली विभाग के द्वारा लाइट परमिट लेकर कार्य किया जा रहा था कार्य पूर्ण हो जाने के पश्चात बिजली विभाग के द्वारा लाइट को पुनः चालू कराया गया तो लाइट में फाल्ट निकली जिसके वजह से शॉर्ट सर्किट का घटना हुआ इसके पश्चात जैसे ही बिजली के तार में शॉर्ट सर्किट हुआ पैरा पूरी तरह से जलकर खाक हो गया एवं वहां पर रखा गया लगभग 300 बांस बल्ली, जलकर पूरी तरह से खाक हो गया है ग्रामीणों के द्वारा यह आरोप लगाया जा रहा है कि बिजली विभाग के लापरवाही के कारण यह घटना हुई है समय रहते ग्रामीणों के द्वारा पानी का व्यवस्था नहीं किया गया होता तो बड़ी दुर्घटना हो जाती।

# पुलिस ने जन चौपाल लगाकर ग्रामीणों को दी कानून की जानकारी



- संवाददाता -
सूरजपुर,03 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

यातायात के प्रति जागरूक बनाने व अपराध के प्रति सजग रहने के लिए लगातार जागरूकता अभियान के तहत ग्राम मसनकी पुलिस ने जन चौपाल लगाकर लोगों को मोबाइल व आनलाइन से होने वाले धोखाधड़ी से सावधान रहने, साइबर क्राइम, गांव में रकम दोगुना करने की बात करने वालों, फेरी वालों व अजनबी व्यक्तियों से सोना चांदी माजंने वाले व्यक्तियों से सावधान रहने की सलाह दी गई।। क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे साइबर क्राइम जिसमें आनलाइन शापिंग में ठगी के साथ-साथ ओटीपी पूछकर बैंक अकाउंट से पैसे निकालने के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। लोगों के भोलेपन का लाभ उठाते हुए हैकरों द्वारा खाते की जानकारी प्राप्त कर हजारों लाखों रुपये की ठगी कर रहे हैं। अज्ञानतावश लोग इन ठगों के मकड़जाल व धोखाधड़ी में फंसकर लुट जा रहे हैं। इन्ही सभी विषयों को लेकर ग्रामीणों से जनचौपाल के माध्यम से संवाद करते हुए लोगों को इनसे बचने की सलाह दी जा रही है। ओड़गी पुलिस के टी आई नरेंद्र कुमार त्रिपाठी ने लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की संदेहास्पद गतिविधियां होने पर 112 या पुलिस में काल कर जानकारी दें, तत्काल पुलिस आप के सेवा पर तत्पर है इस मौके पर एसआई मनोज पोर्ते ,महिला प्रधान आरक्षक जोशी टोप्पो,अमरेंद्र दुबे ,मकसुदन चेरवा जिला उपाध्यक्ष इंटक कांग्रेश, ताराचंद नामिक उपसरपंच, आलमसाय पटेल , आलमसाय सचिव, मोहन राम देवांगन, मानसाय राजवाड़े, शिवलाल चेरवा , दिलबर सिंह, एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

# वन विभाग द्वारा कराये जा रहे सड़क निर्माण में धांधली,भाजपा का आरोप

**» कलेक्टर से शिकायत, जांच व कारवाई की मांग**

- ओंकार पाण्डेय -
सूरजपुर,03 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।



कुदरगढ़ वन परिक्षेत्र में वन विभाग द्वारा कैम्पा योजनान्तर्गत कराये गए विभिन्न कार्यो में अनियमितताओं की जाँच कराने की गई मांग की गई है। इस सम्बन्ध में ओड़गी भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेश ने कलेक्टर सुश्री इफ्फत आरा को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में कहा गया है कि वन परिक्षेत्र कुदरगढ़, विकास खण्ड ओड़गी में कैम्पा योजनान्तर्गत पतेरीपारा से लुकभुकिया तक डब्ल्यू बी. एम. सड़क निर्माण कार्य 5 कि.मी. एवं असुरा से थरगी मार्ग में 5 कि.मी. डब्ल्यू. बी. एम. सड़क निर्माण कार्य कराया जा रहा है। उक्त कार्य में शासन की किसी भी गुणवत्ता को कोई पालन नहीं किया जा रहा है जंगल से बड़े-बड़े बोल्डर गड्ढों में डालकर रोड को बराबर कर डब्ल्यू. बी. एम. सड़क निर्माण कर दिया जा रहा है। उक्त कार्य कैम्पा मद से कराया जा रहा है। कार्य में रोलर चलाकर पानी डालना अनिवार्य परंतु रोलर का दूर-दूर तक अता पता नहीं है सड़क में पानी भी नहीं डाला जा रहा है रोड के आस पास की अथवा जंगल में उपलब्ध मुरूम को रोड में डाल दिया जा रहा है। इस प्रकार उक्त कार्य अत्यंत ही घटिया स्तर का कराया जा रहा है। उक्त दोनो कार्यों की अनुमानित लागत एक करोड पचास लाख रूपये की है।ओड़गी भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेश ने कहा कि यदि वन परिक्षेत्र कुदरगढ़ के विगत 1 वर्षो के कार्य की जाँच कराई जाय तो इनके द्वारा किये गये करोड़ों रूपये के घोटाले स्पष्ट हो जायेंगें वन परिक्षेत्र कुदरगढ़ के द्वारा लूज बोल्डर चेक डैम, भू जल संरक्षण नरवा विकास योजना के तहत कराये गये कार्यों में भी भ्रष्टाचार किया गया है। इस कारण सम्पूर्ण कार्यों की जाँच कराया जाना अत्यंत आवश्यक है। मंडल अध्यक्ष ने एक सप्ताह के अन्दर उपरोक्त संबंध में जाँच कराकर दोषियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कानूनी कार्यवाही किये जाने की मांग की है। अन्यथा चक्का जाम कर उग्र आन्दोलन किया जावेगा।

# एसडीओपी ने कुसमी अनुभाग के थाना एवं चौकी प्रभारियों की समीक्षा बैठक ली

कुसमी,03 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

बलरामपुर जिले के पुलिस अनुभाग कुसमी के एसडीओपी रितेश चौधरी ने पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देश पर अनुभाग क्षेत्र में पड़ने वाले थाना राजपुर कुसमी शंकरगढ करौंधा एवं बरियो पुलिस चौकी प्रभारियों सहित 17



बीट के प्रभारी के साथ समीक्षा बैठक की,एसडीओपी ने पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर बेसिक पुलिसिंग को बढ़ावा देने के साथ साथ कई तरह के अपराध गुम इंसान ग्रामीण क्षेत्र के लोगो में जागरूकता लाने को लेकर चर्चा की और पुलिस विभाग के अधिकारीयो कर्मचारीयो को ईमानदारी एवं सवेदनशील होकर कार्य करने एवं सुचना तंत्र मजबुत रखने के लिये एसडीपीओ ने अधिकारीयो कर्मचारीयो को कहा,वही तातापानी महोत्व में अच्छा कार्य करने वाले पुलिस के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्मानित करने का आग्रह एसडीओपी रितेश चौधरी ने पुलिस अधीक्षक से किया है जिसपर पुलिस अधीक्षक ने आग्रह स्वीकार भी कर लिया है।समीक्षा बैठक में बरियो चौकी सउनि कल्पना निकुंज,कृपानिधान पाण्डेय, राजपुर थाना प्रभारी अमित गुप्ता,शंकरगढ थाना प्रभारी कृष्णा पाटले,करौंधा थाना प्रभारी दुवेंद्र सिंह टेकाम सहित बीट प्रभारी शामिल रहे।

# चोरी का 2 टन कबाड़ सहित एक गिरफ्तार, थाना विश्रामपुर पुलिस की कार्यवाही



- संवाददाता -
सूरजपुर,03 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

दिनांक 03.02.2023 को थाना विश्रामपुर पुलिस को मुखबीर ने सूचना दिया कि ग्राम गांगीकोट शक्ति ड्रगलाईन के पास एक पिकअप वाहन में एसईसीएल का पुराना मशीनरी लोहे का कबाड़ भर रहे है। मामले की सूचना से पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) को अवगत कराये जाने पर उन्होंने थाना प्रभारी विश्रामपुर को कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह व सीएसपी जे.पी.भारतेन्दु के मार्गदर्शन में थाना विश्रामपुर की पुलिस फौरन मौके पर पहुंची जहां शक्ति ड्रगलाईन के समीप नर्सरी के झाड़ियों में एक पिकअप वाहन क्रमांक यूपी 64 एटी 4587 खड़ा दिखा और चालक सीट पर बैठे व्यक्ति के द्वारा वाहन को स्टार्ट करने की कोशिश करने के दौरान उसे धरदबोचा गया। पूछताछ पर उस व्यक्ति ने अपना नाम राजू देवांगन पिता मानिकचंद उम्र 28 वर्ष निवासी पुराना बाजारपारा सूरजपुर का बताया जिससे पिकअप वाहन में लोड़ कबाड़ के संबंध में दस्तावेज की मांग किए जाने पर कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया जो कबाड़ चोरी का होना का पूर्ण अंदेशा पर कबाड़ 2 टन कीमत करीब 25 हजार रूपये एवं परिवहन में प्रयुक्त पिकअप वाहन को जप्त कर धारा 41(1-4)/379 भादसं. के तहत कार्यवाही कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी विश्रामपुर के.डी.बनर्जी, एएसआई प्रवीण राठौर, प्रधान आरक्षक इन्द्रजीत सिंह व आरक्षक ललन सिंह सक्रिय रहे।

# सहायक ग्रेड 3 के सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह



- संवाददाता -
सूरजपुर,03 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

विकासखंड रामानुजनगर के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परशुरामपुर मे सहायक ग्रेड 3 पद पर पदस्थ रघुवीर सिंह के सेवानिवृत्त होने पर विद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं के द्वारा विदाई समारोह का आयोजन किया गया। विदाई समारोह में विद्यालय के शिक्षकगणों के द्वारा सेवानिवृत्त सहायक ग्रेड 3 रघुवीर सिंह को उपहार भेंटकर सम्मान के साथ विदाई किया गया।विदाई कार्यक्रम में परशुरामपुर सरपंच लालकेश्वर सिंह सरुता,शाला समिति के अध्यक्ष, बालेश्वर सिंह, उपसरपंच प्रतिनिधि नितिश कुमार केवट, ने सेवानिवृत्त रघुवीर सिंह सहायक ग्रेड 3 को गमक्षा देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर चंन्द्रवीजय? सिंह, प्रार्चाय, नरेन्द्र शुक्ला,गिरजा शंकर, मृत्युंजय कुमार,चालेस टोपो,आसुनंदराम भगत, मिथला राजवाड़े, रूकमणी सिंह, कुमारी मंजूलता सिंह, रश्मि खलखो, कलवंत सिंह, राधेश्याम पैकरा, धनेश्वर सिंह, देवनारायण, शिवमंगल राम, धर्म जीत, सुन्दरी सभी स्टाफ उपस्थित थे।



# सडक पर बाजार के पास खड़ी हाईवा से टक्कर होने से घटना स्थल पर ही मौत

खड़गवां,03 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

रतनपुर साप्ताहिक बाजार में दिनांक 1/2/23 को शाम 7 बजे मुख्य सडक पर बेतरतीब ढंग से खडी हाईवा क्रमांक सी जी 16 सी 5544 से सन्तोष कुमार साहू शिक्षक मा, शाला,धवलपुर निवास ग्राम सलका ,उम्र 44 वर्ष जो मोटर साइकिल से बचरा पोड़ी से अपने घर सलका देवाडॉड़ के लिए आ रहे थे कि साप्ताहिक बाजार होने के कारण मुख्य सडक पर बाजार के पास खडी हाईवा से टक्कर होने से घटना सथल पर ही मौत हो गई घटना की खबर मिलते ही खडगवा असपताल मे रिश्ते दारो की भीड लग गई खडगवा पुलिस ने हाईवा को जप्त कर लिया है और आगे की कार्यवाही की जा रही है।

# जिला पंचायत सीईओ कोरबा पर 40 व्यापारियों को परेशान करने का लगा आरोप




- राजा मुखर्जी -
कोरबा,03 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

ग्राम पंचायत रजगामार में सरपंच सचिव पर लाखों की शासकीय राशि के गबन के मामले गंभीर आरोपों के जांच के बीच जिला पंचायत सीईओ पर 40 से 50 व्यापारियों (सामग्री आपूर्तिकर्ता वेंडरों) को नोटिस देकर बेवजह परेशान करने का आरोप लगा है। जिला चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज कोरबा के अध्यक्ष योगेश जैन ने जिला पंचायत सीईओ को ही पत्र लिखकर व्यापारियों को बेवजह तंग न करने की बात कही है। शुक्रवार को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कोरबा को चेम्बर ऑफ कॉमर्स द्वारा लिखे पत्र में उल्लेख किया गया है कि ग्राम पंचायत रजगामार में सरपंच सचिव द्वारा घपला किया गया है। व्यापारियों द्वारा बिल एवं सामान की आपूर्ति करने के पश्चात ही ग्राम पंचायत द्वारा राशि का भुगतान किया गया है बावजूद आपके द्वारा 40 -45 व्यापारियों को पत्र क्रमांक 163 दिनांक 31 जनवरी के माध्यम से नोटिस दिया गया है। जिसके संदर्भ में 2 फरवरी को प्रातः 11 से 2 बजे तक व्यापारियों को जिला पंचायत में बुलाकर पूछताछ की गई। बेवजह व्यापारियों को तंग न करें,आपके सरपंच -सचिव व अन्य कर्मचारियों को तलब करें,उन्हीं से पूछताछ करें द्व इस मामले में जिला पंचायत सीईओ नूतन कंवर से उनका पक्ष जानने की कोशिश की गयी पर कॉल रिसीव नहीं होने से उनका पक्ष नहीं रखा जा सका ।

# महिलाओं-बच्चों को कुपोषण से बचाने गंभीरता पूर्वक करें कार्यः कलेक्टर झा

- संवाददाता -
कोरबा,03 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।



कलेक्टर श्री संजीव झा ने कलेक्टोरेट सभा कक्ष में महिला एवं बाल विकास विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक की। उन्होंने बैठक में जिले में कुपोषित एवं एनीमिया पीड़ित महिलाओं-बच्चों की जानकारी ली। कलेक्टर श्री झा ने महिलाओं एवं बच्चों को कुपोषण से मुक्त करने संचालित की जा रही विभिन्न गतिविधियों के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने महिलाओं एवं बच्चों को एनीमिया से मुक्त करने, गर्भवती महिलाओं के संस्थागत् प्रसव को बढ़ावा देने गंभीरता पूर्वक कार्य करने के निर्देश बैठक में मौजूद अधिकारी-कर्मचारियों को दिए। कलेक्टर ने आंगनबाड़ियों के माध्यम से पौष्टिक आहार के रूप में हरी-ताजी सब्जियां, आयरन की कमी दूर करने मूंगफली-गुड़ की लड्डू एवं खून आयरन फोलिक एसिड की गोलियां देने के निर्देश दिए। इसके लिए ग्रामवार कुपोषित महिलाओं एवं बच्चों की जानकारी लेकर संबधित आंगनबाड़ियों में गौठानों में उत्पादित पौष्टिक सब्जियों की सप्लाई करने के लिए कार्ययोजना बनाने के भी निर्देश दिए। साथ ही पौष्टिक लड्डू बनाने के कार्य में स्व सहायता समूह की महिलाओं को संलग्न करने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर श्री झा ने बैठक में गंभीर रूप से कुपोषित बच्चों की जानकारी लेकर उन्हें दिए जा रहे पौष्टिक आहारों के बारे में भी जानकारी ली। साथ ही गंभीर कुपोषित बच्चों को एनआरसी में भर्ती करके कुपोषण से मुक्ति दिलाने के कार्य को गंभीरता पूर्वक करने के निर्देश दिए।बैठक में एनीमिया पीड़ित महिलाओं एवं बच्चों को गर्म भोजन एवं पौष्टिक आहार वितरण की लगातार मॉनिटरिंग करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग और महिला बाल विकास विभाग के अधिकारी कर्मचारियों द्वारा समन्वय कर महिलाओं एव बच्चों को कुपोषण से मुक्ति दिलाने में भागीदारी निभाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने साप्ताहिक विकासखण्ड स्तरीय बैठक में सेक्टर सुपरवाईजर की उपस्थिति भी सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने विभागीय अमलो द्वारा बच्चों एवं महिलाओं को कुपोषण से मुक्त करने जनजागरूकता को बढ़ावा देने के लिए भी कहा। कलेक्टर ने गर्भवती महिलाओं की शत्-प्रतिशत संस्थागत् प्रसव एवं एनआरसी में शत्-प्रतिशत गंभीर कुपोषित बच्चों की भर्ती भी सुनिश्चित करने को कहा।इस दौरान कलेक्टर ने पाली सीडीपीओ दीप्ति पटेल द्वारा एनआरसी गंभीर कुपोषित बच्चों की भर्ती में उदासीनता बरतने पर उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों को दिए। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस.एन. केसरी, कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्रीमती प्रीति खोखर चखियार सहित विकासखण्ड चिकित्सा अधिकारीगण एवं परियोजना अधिकारीगण मौजूद रहे।

# ग्रामीण अंचल को विकास की मुख्य धारा के साथ जोड़ने के लिए राज्य सरकार के द्वारा कराया जा रहा है विभिन्न ग्रामों की सड़क निर्माण कार्य

## जिसकी निर्माण कार्य की जिम्मेदारी सौंपी गई है लोक निर्माण विभाग को

– राजेन्द्र कुमार शर्मा –
खडगवा,03 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

खडगवा जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत जिलदा से कदमबहरा पहुंच मार्ग की पिछ्ले कई वर्षो से सड़क निर्माण कार्य की मांग ग्रामीणों द्वारा की जा रही थी और जैसे ही कांग्रेस की सरकार सता में आते ही क्षेत्र की विभिन्न बहुप्रतीक्षित सड़कों की मांग को पूरा किया है जिल्दा से कदमबहरा सड़क निर्माण कार्य की स्वीकृति प्रदान की गई सडक निर्माण कार्य लोक निर्माण विभाग के द्वारा ठेकेदार को टेंडर प्रक्रिया के तहत सड़क निर्माण कार्य का ठेका हो गया और ठेकेदार के द्वारा जिलदा से कदमबहरा सडक निर्माण कार्य का काम भी चालू कर दिया गया है ठेकेदार के द्वारा सडक निर्माण का कार्य भी बडी तेजी से प्रारंभ किया गया है।





इस ग्राम पंचायत जिल्दा से कदमबहरा सडक निर्माण कार्य गुणवत्ता विहीन निर्माण कार्य किए जाने की शिकायत की जाच मे पहुंचे अधीक्षण अभियंता लोक निर्माण विभाग सरगुजा के आने से जिलदा से कदमबहरा सडक निर्माण कार्य में हो रहे डब्ल्यू एम एम कार्य को पेवर मशीन से करना था जिसे ग्रेडर मशीन से किया जा रहा था अधीक्षण अभियंता के जाच मे ठेकेदार ने रातों रात पेवर मशीन को लाकर निर्माणाधीन सडक पर खडा कर थोड़ी बहुत पेवर मशीन में धूल मिट्टी का छिडकाव कर लोक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता को सडक निर्माण कार्य में डब्ल्यू एम एम का बिछावा पेवर मशीन से हो रहा है ये दिखने लिए ऐसा किया गया था। और अधिकारी के जाने के घंटों में पेवर मशीन सडक से गायब हो गई इस क्षेत्र के बहुप्रतीक्षित मांग की सडक जिस गुणवत्ता और मापदंड एव अनुपात मे किया जाना है वो नहीं किया जा रहा है।

जाच कर्ता अधिकारी के समाने सिर्फ पेवर मशीन शोपीस के लिए खडी कि गई थी और जाच कर्ता अधिकारी भी अपनी सरकारी लगजरी कार से उतरने की जरूरत नहीं समझे सडको की जाच सिर्फ हवा हवाई की तरह करके चलते बने जब उच्च अधिकारी इस तरह की सडक जाच करेंगे तो किससे ग्रामीण सडको की गुणवत्ता की जाच की शिकायत करेंगे?

सथानीय ग्रामीणों ने बताया कि पिछ्ले लगभग एक वर्ष से इस सडक का निर्माण कार्य चल रहा है और लगभग सडक निर्माण कार्य 90/प्रतिशत पूरा ठेकेदार के द्वारा कर लिया गया है मगर पिछ्ले रविवार को जो मशीन सडक पर खडी थी वो पहली बार देखी और चंद घंटों के बाद मशीन गायब हो गई और इस सडक निर्माण कार्य में सिर्फ और सिर्फ एक ट्रेकटर की तरह ग्रेडर है जो सडक पर जो निर्माण सामग्री डामफरो से लाकर डाली जाती है उसको वही बिछाता है इस सडक के निर्माण कार्य में पेवर मशीन का उपयोग किया ही नहीं गया है और एक मुंशी के सहारे करोड़ों रुपये की सडक का निर्माण कार्य हो रहा है?

पीडब्ल्यू डी विभाग के अधिकारी दफ्तर में बैठकर कर रहे हैं फोन के माध्यम से करोड़ों रुपये की निर्माणाधीन सडको कि मॉनिटरिंग

जिन अधिकारियों की मॉनिटरिंग में सड़क का निर्माण कराया जाना है, वह मौके पर ही नहीं रह रहे हैं। इस वजह से ठेकेदार के द्वारा भरपूर मात्रा में भ्रष्टाचार किया जा रहा है। अफसरों की अनुपस्थिति की एक बड़ी वजह भी सामने आई है। सिर्फ फोन के माध्यम से ठेकेदार के मुंशी करा रहे हैं करोड़ों रुपये की सडको का निर्माण कार्य लोगों ने दबी जुबान से बताया कि ठेका कंपनी की ओर से मैदानी अमले को मोटी रकम मिला है। इसके चलते अफसर दफ्तर में ही बैठकर ही सडको की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। जिसका प्रमाण अधीक्षण अभियंता कि हवा हवाई जाच ने साबित कर दिया कि लोक निर्माण विभाग के अधिकारी सडको के गुणवत्ता की जाच कैसे करते हैं?फिलहाल गुणवत्ता विहीन सड़क का खामियाजा लोग भुगतेंगे।

इस संबंध में सड़क निर्माण कार्य की देखरेख करने वाले अधिकारी जानकारी के लिए नहीं उठाते हैं फोन

# बकायादारों पर निगम की ताबड़तोड़ कार्यवाही,घर दुकान सील करने पर जमा कर रहे बकाया राशि

– संवाददाता –
कोरबा,03 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय के निर्देशन में निगम के राजस्व अमले द्वारा बकायादारों पर लगातार कार्यवाही की जा रही है बकायादारों के मकान व दुकान आदि को सील किया जा रहा है तथा सील करने के बाद संबंधित बकायादारों द्वारा बकाया राशि निगम कोष में तत्काल जमा भी कराई जा रही है। इसी कड़ी में निगम के दर्री जोनांतर्गत 06 बकायादारों के मकान सील किए जाने के बाद इन बकायादारों द्वारा बकाया कर की राशि निगम केष में जमा कराई गई। आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय ने बकायादारों से पुनः कहा है कि वे करों की बकाया राशि शीघ्र निगम कोष में जमा कराएं तथा निगम द्वारा इस दिशा में की जा रही कार्यवाही से होने वाली असुविधा से बचे।नगर पालिक निगम केरबा के सम्पत्तिकर, समेकित कर, जलकर, भवन दुकान किराया आदि सहित अन्य करों के माध्यम से राजस्व प्राप्त होता है, इस राजस्व का उपयोग निगम द्वारा आमनागरिकों को मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता बनाए रखने, नगर का विकास करने व अन्य व्यवस्थाओं के सुचारू संचालन में किया जाता है , किन्तु कतिपय करदाताओं द्वारा समय पर कर की राशि निगम को अदा नहीं की जाती है, जिसके परिणाम स्वरूप एक ओर जहॉ निगम को आर्थिक क्षति होती है व नागरिक सुविधाएं एवं विकास कार्य प्रभावित होते हैं, वहीं दूसरी ओर बकायादारों पर बकाया राशि बढती जाती है तथा एक बड़ी राशि बकाया के रूप में निर्मित हो जाती है। आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय के निर्देश पर निगम द्वारा इन करदाताओं, बकायादारों को डिमांड, नोटिस, वारंट आदि की तामिली किए जाने एवं बार-बार बकाया राशि जमा किए जाने के आग्रह के बावजूद बकाया राशि जमा नहीं कराई गई है, यहॉ उल्लेखनीय है कि निगम द्वारा बड़े बकायादारों की सूची का प्रकाशन भी मीडिया में कराया जाकर उन्हें हिदायत दी गई थी कि वे बकाया करों की राशि शीघ्र से शीघ्र निगम कोष में जमा कराएं। निगम द्वारा अब इन बकायादारों पर कार्यवाही की जा रही है, इसी कड़ी में आज दर्री जोन के अंतर्गत मकानों में ताला लगाने व सील करने की कार्यवाही निगम अमले ने की है प्राप्त जानकारी के अनुसार कार्यवाही के पश्चात सरदार पटेलनगर निवासी श्री के.एल. गोस्वामी के द्वारा 50 हजार रूपये की बकाया कर राशि निगम कोष में जमा कराई गई , वहीं पटेलनगर की ही निवासी बकायादार सुनीता अग्रवाल ने भी 50 हजार रूपये की बकाया राशि निगम कोष में जमा कराई है। इसी प्रकार वार्ड क्र. 46 अयोध्यापुरी निवासी गौतम साहू ने 25 हजार रूपये तथा वार्ड क्र. 51 लाटा निवासी लीलावती ने 20 हजार रूपये बकाया राशि जमा कराई गयी।



आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय के मार्गदर्शन में नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा अनियमित विकास के नियमितीकरण हेतु निगम क्षेत्र के सभी 67 वार्डो में विशेष अभियान चलाया जा रहा है, निगम के अधिकारी कर्मचारी घर-घर जाकर नियमितीकरण हेतु सर्वे का कार्य कर रहे हैं, वहीं जिन लोगों का नियमितीकरण किया जाना हैं, उनसे आवेदन फार्म भी मौके पर भरवाए जा रहे है। यहॉ उल्लेखनीय है कि राज्य शासन के निर्देशानुसार अनियमित रूप से किए गए विकास व निर्माण का नियमितीकरण किया जा रहा है तथा शासन की इस योजना से लोग लाभान्वित हो रहे है। आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय के द्वारा निगम के पंजीकृत वास्तुविदों, आर्किटेक्टों, इंजीनियर्स को भी निर्देश दिए गए हैं कि वे नियमितीकरण हेतु अधिकाधिक आवेदन जमा कराने में अपनी भूमिका सुनिश्चित करें ताकि शत प्रतिशत रूप से अनियमित विकास का नियमितीकरण किया जा सके तथा शासन की इस महत्वपूर्ण योजना का लाभ लोगों के मिल सके।



## जमीन विवाद में पुत्र के मारपीट से घायल पिता की मौत,आरोपी पुत्र को पुलिस ने किया गिरफ्तार

– संवाददाता –
कुसमी,03 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

सामरी पाठ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जमीरा पाठ में दिनांक 23.10 .2022 को विमल नगेसिया नाम के व्यक्ति ने अपने पिता डेलका नगेसिया को रात्रि 8ः00 मुझे जमीन में हिस्सा कम दिए हो कहकर विवाद कर रहा था जो विवाद बढ़ने पर गुस्से में आकर विमल अपने पिता ढेलका को पत्थर में पटक दिया जिससे सिर में गंभीर चोट आई थी, जिसकी रायपुर अस्पताल में इलाज के दौरान मृत्यु हो गई थी जिसकी डायरी थाना में प्राप्त होने पर प्रथम दृष्या धारा 302 भा द वि का अपराध घटित करना पाई जाने पर थाना सामरी पाठ में अपराध क्रमांक 8 /23 धारा 302 भा.द.वि. कायम कर पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग उप पुलिस अधीक्षक सुशील नायक एवं एसडीओपी रितेश चौधरी के दिशा निर्देश मार्गदर्शन पर विवेचना प्रारंभ कर आरोपी विमल नगेसिया पिता ढेलका उम्र 25 वर्ष ग्राम जमीरा पाठ को दिनांक 3.02 .2023 थाना लाकर पूछताछ करने पर अपना जुर्म स्वीकार किया जिसे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया, इस कार्यवाही में थाना प्रभारी फरदीनंद कुजुर एएसआई एफ टोप्पो, आनंद तिर्की प्रधान आरक्षक राजेंद्र ध्रुव, दशरथ कुजुर, विजय टोप्पो आरक्षक जीवन किशोर तिग्गा मुख्य रूप से शामिल रहे।

## भाजपा कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी कोरबा की जिला कार्यसमिति की बैठक कर कार्यों की समीक्षा की गई

– संवाददाता –
कोरबा,03 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।



भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित जिला कार्यसमिति बैठक में विगत कार्यसमिति से आज तक हुए कार्यों की समीक्षा की गई तथा आगामी कार्यक्रमों को लेकर योजना बनाई गई। जिला संगठन प्रभारी श्री श्याम बिहारी जयसवाल, जिला संगठन सह प्रभारी श्री गोपाल साहू एवं भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ राजीव सिंह ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया के आगामी कार्यक्रमों में जी जान से जुट जाएं । उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को कहा कि संकल्पित होकर कार्य करें, प्रदेश की जनता भूपेश बघेल की सरकार से ऊब चुकी है और आगामी चुनाव का इंतजार कर रही है । भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं कि अब जिम्मेदारी बनती है की प्रत्येक बूथ पर जाकर जनहित से जुड़े मुद्दों को समझें और लोगों के हित के लिए आंदोलन करें ।

इस महत्त्वपूर्ण बैठक में जिला संगठन प्रभारी श्री श्याम बिहारी जायसवाल जी, जिला संगठन सह प्रभारी श्री गोपाल साहू जी, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. राजीव सिंह जी, विधायक रामपुर श्री ननकी राम कंवर, प्रदेश उपाध्यक्ष श्री लखन लाल देवांगन, सरगुजा संगठन प्रभारी श्री ज्योतिनंद दुबे, कटघोरा विधानसभा प्रभारी श्री दिनेश सिंह, पाली तानाखार विधानसभा प्रभारी श्री बृजेंद्र शुक्ला, रामपुर विधानसभा प्रभारी श्री कैलाश साहू, पूर्व जिला अध्यक्ष श्री अशोक चावलानी, प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य श्री जोगेश लांबा, प्रदेश सह संयोजक पंचायत प्रकोष्ठ श्री पवन गर्ग, पूर्व जिला अध्यक्ष श्री राजेन्द्र पांडे, महामंत्री द्वय श्री संतोष देवांगन, श्री टिकेश्वर राठिया एवं अपेक्षित पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बी. रामचंद्र राव ने परियोजना प्रमुख के तौर पर संभाला एनटीपीसी कोरबा का कार्यभार

कोरबा,03 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।



बी. रामचंद्र राव, मुख्य महाप्रबंधक, एनटीपीसी कोरबा ने 01 फरवरी 2023 से परियोजना प्रमुख के रूप में कोरबा सुपर थर्मल पावर स्टेशन का कार्यभार संभाला है। वह 1984 में एनटीपीसी में शामिल हुए और उनके पास एनटीपीसी में 38 से अधिक वर्षों का अनुभव है। श्री राव ने पहले एनटीपीसी की अन्य इकाइयों और कार्यालयों जैसे रामागुंडम, बालको-सीपीपी, पश्चिमी क्षेत्र-द्ध मुख्यालय (मुंबई) और कुडगी में अपनी सेवाएं दी हैं। अपने क्षेत्र के अनुभवी पेशेवर श्री बी.आर. राव ने तकनीकी शिक्षा बोर्ड से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में अपना लाइसेंस प्राप्त किया जिसके बाद उन्होंने इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में एएमआईई प्राप्त किया। उनके पास फाइनेंस में पीजीडी भी है। उनके पास कमीशनिंग, संचालन, परिचालन सेवा, इंजीनियरिंग, विद्युत निर्माण, परियोजना समन्वय, परियोजना निर्माण आदि के क्षेत्रों में समृद्ध और विविध अनुभव है।

## कोरबा घंटाघर के पास देर शाम फर्राटा भर रहे हैं वाहनों पर की गई कार्यवाही



– संवाददाता –
कोरबा,03 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

शहर के कुछ रईसजादे अपनी महंगी गाड़ियों में बम की आवाज निकालने वाला साइलेंसर लगाकर फर्राटे भर रहे थे,जिससे आम राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पर रहा था द्ब रामपुर सिविल लाइन पुलिस को जब इस मामले की जानकारी हुयी तो पुलिस द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए बईकर्स गैंग को धर दबोचा द्ब पुलिस अधीक्षक यू उदय किरण के निर्देश पर सिविल लाइन थाना प्रभारी नितिन उपाध्याय एवं उनकी टीम ने बम की आवाज निकालने वाली 04 बाइकर्स एवं उनके गाड़ियों को जब्त कर लिया गया है। पुलिस द्वारा विभिन्न धाराओं में अपराध पंजीबद्ध कर मामले को न्यायालय में पेश किया जाएगा, जानकारी के मुताबिक शहर के ट्रांसपोर्ट नगर सहित अन्य क्षेत्रों में कुछ युवक बुलेट में सवार होकर साइलेंसर में बम की आवाज निकाल कर फर्राटे भरते हैं तो वहीं दूसरी ओर इन वाहनों में प्रेशर हॉर्न का भी बखूबी इस्तेमाल होता है। शाम होते ही यह लड़के अपनी बाइक को लेकर भीड़भाड़ वाले इलाके में घुसकर हंगामा कर रहे थे। पकड़े गए चार युवकों के बुलेट वाहन से साइलेंसर, प्रेशर हॉर्न को निकाला गया द्ब अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने बताया कि पुलिस की इस तरह कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी एवं इस कार्यवाही से सड़क पर फर्राटे भरने वाले मनचले युवकों को निश्चित तौर पर सबक सिखाया जायेगा एवं वद्बहन भी जब्ती की जाएगी।


**कार्यालय कार्यपालन अभियंता,**
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ0ग0)
जिला:-सरगुजा (छ0ग0)
**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना**

जिला जल एवं स्वच्छता सरगुजा की ओर से कार्यपालन अभियंता सदस्य सचिव,जिला जल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा एकीकृत पंजीयन व्यवस्था के अंतर्गत उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित (पम्प स्थापना,टंकी निर्माण एवं पाईप लाईन कार्य तथा अन्य कार्य) हेतु पत्रक ''अ''(प्रतिशत दर) ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्रमांक | दिनांक | निविदा | सिस्टम क्रमांक | लागत (रू.लाख में) |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 23.01.2023 | 385 | 121730 | 143.48 |
| 02 | 23.01.2023 | 386 | 121733 | 155.48 |
| 03 | 23.01.2023 | 387 | 121850 | 186.30 |
| 04 | 25.01.2023 | 388 | 122081 | 167.48 |
| 05 | 25.01.2023 | 389 | 122082 | 171.84 |
| 06 | 25.01.2023 | 390 | 122083 | 148.50 |

ब्रिड संबमिशन की अंतिम तिथि:- निविदा क्र. 385,386,387,388,389 एवं 390 की दिनांक 10.02.2023 समय :-17.30 बजे तक
उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा के सामान्य शर्तें धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल ( https://eproc.cgstate.gov.in) में दिनांक 30.01.2023 पर देखी जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
अम्बिकापुर

जी नंबर-98105/3



**न्यायालय नजूल अधिकारी अम्बिकापुर,जिला-सरगुजा (छ0ग0)**

ईश्तहार
रा.प्र.क्र./202302021200002/ अ-6 /2022-23

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सतेन्द्र चौबे आ0 स्व0श्री रामचन्द्र चौबे उम्र-55 वर्ष जाति-ब्राम्हण निवासी मोहल्ला चोपड़ापारा नगर अम्बिकापुर,तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा अपने अधिवक्ता के माध्यम से संहिता की धारा 109,110 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर मोहल्ला-चोपड़ापारा नगर अम्बिकापुर स्थित नजूल भूखण्ड क्रमांक 9/16, 9/55, 9/56 रकबा क्रमशः 0.07, 0.01/2 0.06 डिसमिल कुल प्लाट 03 कुल रकबा 0.13 1/3 के खातेदार/आवेदक की माता श्रीमती प्रभावती का वैध वारिस बताते हुए खाते से मृतक का नाम विलोपित कर अपना नाम दर्ज कराने का उल्लेख किया है। आवेदन पत्र के साथ मेंटनेन्स खसरा, मृत्यु प्रमाण पत्र आधार कार्ड की छायाप्रति प्रस्तुत की गई है।

उक्त भू-खण्ड के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा-आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 24/02/2023 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा -आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 01/02/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

सील
नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर



**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांकः- 202212020700223**

विषय:-ब-121मामले की श्रेणी:- राजस्व सन् 2022-2023
फुन्दुरडिहारी प.ह.न.00016(हे.)
पक्षकारों का विवरण
आवेदक पक्षकार-तीर्थराज पाण्डेय
अनावेदक पक्षकार-विनोद कुमार

ईश्तहार

आवेदक तीर्थराज पाण्डेय आ0 स्व0 परशुराम पाण्डेय,निवासी गोधनपुर, अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा ग्राम फुन्दुरडिहारी तहसील अम्बिकापुर स्थित खसरा नंबर 385/45 में से रकबा 0.061 हे0 भूमि के राजस्व अभिलेखों में त्रुटिवश अनावेदक विनोद कुमार आ0 नरसिंह साव के नाम पर दर्ज हो गया है जिसे सुधार किए जाने हेतु आवेदन पत्र अनुविभागीय अधिकारी महोदय अम्बिकापुर के समक्ष प्रस्तुत किया गया है,जो कि जांच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 17/02/2023 के पूर्व न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 25/01/2023 को जारी किया किया जाता है।

सील
भूषण सिंह मण्डावी
तहसीलदार
सरगुजा(अम्बिकापुर)



**न्यायालय नजूल अधिकारी अम्बिकापुर,जिला-सरगुजा (छ0ग0)**

ईश्तहार
रा.प्र.क्र./127/ अ-6 /2022-23

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक खलील उल्लाह खान, अजीज उल्लाह खान आ0 समीउल्लाह खान, निवासी-मस्जिदपारा नगर अम्बिकापुर,जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा बताया गया कि आवेदकगण एवं अनावेदकगण के संयुक्त स्वामित्व व हक की शीट क्रमांक 08, मोहल्ला-खरसिया रोड नगर अम्बिकापुर स्थित नजूल भू-खण्ड क्रमांक 2827/4 रकबा 0.09 1/2 एकड़ दर्ज है। माननीय न्यायालय श्रीमान् द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश महोदय वर्ग-2 अम्बिकापुर , जिला सरगुजा के व्यवहार वाद प्रकरण क्रमांक 24-ए/2021 में पारित आदेश दिनांक 13.08.2022 के अनुसार नजूल प्लाट क्रमांक 2827/4 रकबा 0.09 एकड़ में से प्रतिवादी क्रमांक 1 के हिस्से में 176 वर्गफीट,प्रतिवादी क्रमांक 2 के हिस्से में 176 वर्गफीट (दुकान) एवं 1765.4 वर्गफीट प्रतिवादी क्रमांक-3 के हिस्से में 558 वर्गफीट एवं प्रतिवादी क्रमांक-4 के हिस्से में 450 वर्गफीट,सामूहिक रास्ते के लिए 1016.6 वर्गफीट रहेगा। अतः माननीय न्यायालय श्रीमान तृतीय व्यवहार न्यायाधीश महोदय वर्ग-2 अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा के व्यवहार वाद क्रमांक-24-ए/2021 में पारित आदेश दिनांक 13.08.2022 के पालन में आवेदित भूमि का नामान्तरण आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 109,110 छ0ग0 भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो वे अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 08/02/2023 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक-05/01/2023 को मेरे न्यायालयीन मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया।

सील
नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर

# जोगिंदर शर्मा ने इंटरनेशनल क्रिकेट से लिया रिटायरमेंट

## टी-20 वर्ल्ड कप 2007 में फेंका था फाइनल ओवर,39 साल की उम्र में गेम को कहा अलविदा



नई दिल्ली, 03 फरवरी 2023। भारत के 2007 के टी20 वर्ल्ड कप विजेता जोगिंदर शर्मा ने शुक्रवार को इंटरनेशनल और डोमेस्टिक क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से रिटायरमेंट ले लिया। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के सचिव को लिखे पत्र में, क्रिकेटर बने पुलिस अधिकारी जोगिंदर ने बोर्ड, हरियाणा क्रिकेट एसोसिएशन, चेन्नई सुपर किंग्स और हरियाणा सरकार को शुक्रिया किया। जोगिंदर ने इंस्टाग्राम पर चिट्ठी का फोटो शेयर किया। जोगिंदर ने लिखा - आज में इंटरनेशनल और डोमेस्टिक क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से संन्यास की घोषणा करता हूं।

**2007 के बाद टीम में मौका नहीं मिला-** टी-20 वर्ल्ड कप के खिताबी मुकाबले का आखिरी ओवर डालने वाले जोगिंदर शर्मा महज 4 गेंदों में देश के हीरो बन गए थे। यह अफसोस की बात रही कि जोगिंदर को उस फाइनल मुकाबले के बाद कभी कोई इंटरनेशनल मैच खेलने का मौका नहीं मिला। हालांकि उन्होंने डोमेस्टिक क्रिकेट खेलना जारी रखा।

### 2017 में खेला था आखिरी मैच

जोगिंदर ने 2017 में आखिरी बार डोमेस्टिक मैच खेला था। उन्होंने, पंजाब के खिलाफ हरियाणा से विजय हजारे ट्रॉफी में मैच खेला था। इसमें उन्होंने 7 ओवर फेंके थे। इसके बाद जोगिंदर ने एक भी मैच नहीं खेला।

### खेल से जुड़े रहेंगे

जोगिन्दर ने चिट्ठी में यह भी लिखा कि मुझे खुशी हो रही है कि मुझे भारत से क्रिकेट खेलने का मौका मिला। आगे चलकर दूसरे व्यवसाय में नए अवसरों की तलाश करूंगा। मैं इस खेल में दूसरे तरीकों से भाग लेना जारी रखूंगा। मेरा मानना है कि एक क्रिकेटर के रूप में अब मेरा अगला पड़ाव यही है। मैं लाइफ के नए चैप्टर की ओर बढ़ रहा हूं।



To

The Hon'ble Secretary,
B.C.C.I,
Mumbai.

R/Sir,

Today, with immense gratitude & humility, I announce my retirement from all forms of international & domestic cricket.

My journey from 2002-2017 has been the most wonderful years of my life for it was an honour representing India at the highest level of sport.

I am grateful for the opportunities given to me by the Board of Control for Cricket in India (BCCI), Haryana Cricket Association, Chennai Super Kings and Haryana Government.

To all my team-mates, coaches, mentors and support staff: It has been an absolute privilege to have played with you all, and, I thank you all for helping turn my dream into reality.

To all cricket fans that have supported me through the ups & downs of international sport, I will forever cherish the moments I spent with you all and your support has always be a source of motivation for me.

Lastly, I would like to thank my family & friends for their unconditional love and support throughout my career. They have been my backbones and without them, I would not have been able to achieve what I have today.

I am excited to announce that I will be exploring new opportunities in the world of cricket & the business side of it, where I will also continue to participate in the sport that I love and challenge myself in new and different environment. I believe that this is the next step in my journey as a cricketer and I look forward to this new chapter in my life.

I wish all my former teammates and the Indian cricket team all the best for their future endeavours.

Thank you for all the memories,
Love to All - More to Life,

Joginder Sharma,
Indian Cricket Player.

# टेस्ट क्रिकेट में अभी वापसी नहीं करेंगे पंड्या



2018 से टेस्ट क्रिकेट नहीं खेले पंड्या

## कहा-इस समय मेरा फोकस वाइट बॉल क्रिकेट पर

नई दिल्ली, 03 फरवरी 2023। बुधवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज जीतने के बाद भारत के स्टार ऑलराउंडर कप्तान हार्दिक पंड्या ने रेड बॉल क्रिकेट में नहीं आने के संकेत दिए। सीरीज के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने बोला कि अभी वे वाइट बॉल क्रिकेट पर फोकस कर रहे हैं।

### 2018 में आखिरी बार खेले थे टेस्ट

2018 में आखिरी बार हार्दिक पंड्या टेस्ट खेले थे। इसके बाद उन्होंने सिर्फ वाइट बॉल क्रिकेट ही खेला है।

### पंड्या ने आखिरी मैच में चार विकेट लिए

तीसरे टी-20 में पंड्या ने चार अहम विकेट लेकर न्यूजीलैंड की बल्लेबाजी को तहस-नहस कर दिया। भारतीय कप्तान ने चार विकेट हासिल किए और केवल 16 रन दिए, जिससे न्यूजीलैंड 12.1 ओवर में 66 रन पर ढेर हो गया।

### ऑस्ट्रेलिया से 4 टेस्ट खेलेगा भारत

टीम इंडिया को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 4 टेस्ट की सीरीज खेलनी है। 9 फरवरी को नागपुर में पहले टेस्ट के बाद 17 फरवरी से दिल्ली में दूसरा टेस्ट होगा। 1 मार्च से धर्मशाला में तीसरा टेस्ट और 9 मार्च से अहमदाबाद में चौथा टेस्ट खेला जाएगा।

### पहले टेस्ट के लिए भारत की टीम

रोहित शर्मा (कप्तान), केएल राहुल (उप कप्तान), शुभमन गिल, चेतेश्वर पुजारा, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ईशान किशन (कीपर), केएस भरत (कीपर), रविचंद्रन अश्विन, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, उमेश यादव और जयदेव उनादकट।



# अहमदाबाद में शुभमन-शो, भारत ने सीरीज जीती

**अहमदाबाद 03 फरवरी, 2023।** प्रतिभावान सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल (126 नाबाद) के तूफानी शतक और कप्तान हार्दिक पांड्या (30 रन, चार विकेट) के हरफनमौला प्रदर्शन के दम पर भारत ने तीसरे और निर्णायक टी20 मुकाबले में बुधवार को न्यूजीलैंड को 168 रन से रौंदकर की श्रृंखला 2-1 से जीत ली। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए न्यूजीलैंड के सामने 235 रन का विशालकाय लक्ष्य रखा, जिसके जवाब में कीवी टीम 66 रन पर सिमट गयी। गिल ने अपने टी20 अंतरराष्ट्रीय करियर का पहला शतक जड़ते हुए नाबाद 126 रन बनाये। उन्होंने अपनी आतिशी पारी में 12 चौके और सात छक्के जड़े। यह टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में किसी भारतीय बल्लेबाज द्वारा बनाया गया सबसे बड़ा स्कोर है।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड ने सिर्फ पांच रन पर तीन विकेट गंवा दिये और इसके बाद टीम कभी नहीं उभर सकी। बल्ले से 30 रन का योगदान देने वाले कप्तान पांड्या ने अपने चार ओवर के कोटे में सिर्फ 16 रन देकर चार विकेट चटकाये। इसके अलावा शिवम मावी, अर्शदीप सिंह और उमरान मलिक ने दो-दो सफलतायें हासिल कीं।

भारत ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए ईशान किशन का विकेट जल्दी गंवा दिया, लेकिन इसके बाद गिल और राहुल त्रिपाठी ने कीवी गेंदबाजों पर आक्रमण शुरू किया। गिल-त्रिपाठी ने दूसरे विकेट के लिये सिर्फ 42 गेंद पर 80 रन जोड़कर भारत को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। त्रिपाठी ने चार चौकों और तीन छक्कों के साथ 44 रन बनाये, हालांकि वह अपनी निस्वार्थ पारी की 22वीं गेंद पर छक्का लगाने के प्रयास में बाउंड्री पर कैच आउट हो गये।

# अंडर-19 के बाद द. अफ्रीका में महिला टी 20 वर्ल्ड कप

नई दिल्ली, 03 फरवरी 2023। महिला टी20 वर्ल्ड कप 10 फरवरी से होगा। पिछली बार ये टूर्नामेंट ऑस्ट्रेलिया में हुआ था, जहां 8 मार्च 2020 को फाइनल देखने रिकॉर्ड 86,174 दर्शक पहुंचे थे। इन दो टी20 वर्ल्ड कप के बीच आए बदलावों का असर इस बार देखने को मिल सकता है। इससे पहले आगामी वर्ल्ड कप के बारे में सारी चीजें जानते हैं...

### वर्ल्ड कप का मेजबान कौन है?

आईसीसी महिला टी20 वर्ल्ड कप की मेजबानी दक्षिण अफ्रीका कर रहा है। द. अफ्रीका ने हाल ही में अंडर-19 वर्ल्ड कप की मेजबानी की थी, जिसे भारत ने जीता है। टूर्नामेंट के 23 मैच बोलैंड पार्क, सैंट जॉर्ज और न्यूलैंड ग्राउंड पर खेले जाएंगे। ग्रुप राउंड 10 फरवरी से 21 फरवरी तक चलेगा। 23 और 24 फरवरी को सेमीफाइनल खेले जाएंगे। 26 फरवरी को फाइनल होगा। टूर्नामेंट के वॉर्मअप मैच 6 फरवरी से होंगे।

### कितनी टीमें हिस्सा ले रही है?

वर्ल्ड कप में 10 टीमें हिस्सा ले रही हैं। ग्रुप ए में ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, द. अफ्रीका, श्रीलंका, बांग्लादेश हैं। इंग्लैंड, भारत, पाकिस्तान, वेस्टइंडीज, आयरलैंड ग्रुप बी में हैं। टीमें अपने ग्रुप की हर टीम से एक मैच खेलेंगी। दोनों ग्रुप की टॉप-2 टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। द. अफ्रीका ने मेजबान होने के कारण डायरेक्ट क्वालिफाई किया। अन्य 7 टीमों का निर्धारण 30 नवंबर 2022 तक की रैंकिंग के आधार पर हुआ था।



### किस टीम का दावा मजबूत है?

डिफेंडिंग चैम्पियन ऑस्ट्रेलिया की दावेदारी मजबूत है। अगर टीम ये वर्ल्ड कप जीत लेती है तो वह एक साथ वनडे वर्ल्ड कप और टी20 वर्ल्ड कप की चैम्पियन बन जाएगी। टीम ने पिछले 17 टी20 में से 16 जीते हैं। ऑस्ट्रेलिया कॉमनवेल्थ गेम्स की विजेता भी है।

### भारत की कितनी दावेदारी है ?

2021 वनडे वर्ल्ड कप के अलावा भारत का पिछले कुछ आईसीसी टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन रहा है। भारत 2020 टी20 वर्ल्ड कप में रनरअप रहा था। साथ ही, भारत ने कॉमनवेल्थ गेम्स में सिल्वर जीता था। वर्ल्ड कप में भारतीय टीम के साथ अंडर-19 वर्ल्ड कप विजेता रिचा घोष और शेफाली वर्मा जुड़ेंगी। वहीं, इंग्लैंड के लिए अच्छी खबर है कि कप्तान हीथर नाइट हिप इंजरी के बाद वापसी कर रही है। इससे उनकी वर्ल्ड कप दावेदारी को सकारात्मक मौका मिलेगा।

### किन खिलाड़ियों पर नजरें रहेंगी?

भारत की स्मृति मंधाना अहम साबित होंगी। वे कॉमनवेल्थ गेम्स में भारत के लिए सबसे ज्यादा 159 रन बनाने वाली बैटर थी। टूर्नामेंट में टॉप-10 रन बनाने वालों की सूची में स्मृति से बेहतर स्ट्राइक रेट (151) किसी का नहीं था। ऑस्ट्रेलिया की बेथ मूनी 2020 टी20 वर्ल्ड कप और कॉमनवेल्थ गेम्स में सर्वाधिक रन बनाने वाली खिलाड़ी थी। उन्होंने वर्ल्ड कप की 6 पारियों में 64 की औसत से 259 रन और कॉमनवेल्थ में 5 पारियों में 44 की औसत से 179 रन बनाए थे।

# छोटी उम्र में गिल के बड़े कारनामे:23 साल के शुभमन जीत चुके हैं आईपीएल और अंडर-19 वर्ल्ड कप;तीनों फॉर्मेट में शतक

नई दिल्ली, 03 फरवरी 2023।शुभमन गिल इस समय भारतीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा चर्चित नाम हैं। फॉर्मेट कोई भी हो गिल का बल्ला जमकर बोल रहा है। वे अभी सिर्फ 23 साल के हैं और उनको फ्यूचर का विराट कोहली भी कहा जा रहा है।

गिल पहली बार 2018 में चर्चा में आए थे। तब उनकी मौजूदगी वाली टीम ने अंडर-19 वर्ल्ड कप का खिताब जीता था। इसके बाद 2020-21 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट सीरीज जीतने वाली टीम में भी वे शामिल थे। पिछले साल वे ढ्क्क चैंपियन भी बन गए। इस स्टोरी में हम गिल की अब तक की कामयाबियों पर नजर डालेंगे...

**पाकिस्तान के खिलाफ शतक जमाकर छा गए**

शुभमन गिल पंजाब से घरेलू क्रिकेट खेलते हैं। 18 साल की उम्र में उन्हें भारत की अंडर-19 वर्ल्ड कप टीम में चुना गया। 2018 में पृथ्वी शॉ उस टीम के कप्तान थे। गिल ने पूरे टूर्नामेंट में भारत के लिए सबसे ज्यादा रन बनाए। उन्होंने सेमीफाइनल में पाकिस्तान अंडर-19 टीम के खिलाफ 102 रन की नॉटआउट पारी खेली। पाकिस्तानी गेंदबाजी लाइनअप में शाहीन शाह अफरीदी भी शामिल थे। भारत ने इस मैच में 272 रन बनाए थे और पाकिस्तान को फिर 69 रन रन पर ही पैक कर दिया था।

**फाइनल में ऑस्ट्रेलिया को हराया**

उस अंडर-19 वर्ल्ड कप फाइनल में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 8 विकेट से हराकर खिताब जीता। गिल ने इस मैच में 31 रनों की पारी खेली थी।

तीसरे नंबर पर बैटिंग करते हुए शुभमन गिल ने पूरे टूर्नामेंट के 6 मैचों में 372 रन बनाए। इस दौरान उनका औसत 124 का रहा। इनमें 3 फिफ्टी और एक शतक आया। इस प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का अवॉर्ड भी मिला।

**ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट सीरीज जीत**



शुभमन गिल ने दिसंबर 2020 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मेलबर्न टेस्ट से डेब्यू किया। इस मैच में उन्होंने 45 और 35 रन की पारियां खेलीं। टीम इंडिया ने मुकाबला जीत लिया। इसी सीरीज के आखिरी टेस्ट में ब्रिसबेन के द गाबा मैदान पर गिल ने 91 रन की पारी खेली। इस पारी ने भारत को टेस्ट जीतने में मदद की थी। यह वही सीरीज है जिसके पहले मैच में टीम इंडिया 36 रन पर ऑलआउट हो गई थी। इसके बाद कप्तान विराट कोहली भी वापस भारत लौट आए थे। फिर गिल, सिराज, पंत जैसे युवा खिलाड़ियों के दम पर भारत ने सीरीज जीती थी। उस सीरीज के 3 मैचों में गिल 51.80 की औसत से 259 रन बनाए थे।

**पिछले दिसंबर में टेस्ट शतक भी जड़ा**

करियर के शुरुआती दौर में शुभमन गिल पारियां तो अच्छी खेल रहे थे लेकिन, वे टेस्ट में शतक नहीं जड़ पा रहे थे। पिछले दिसंबर में उनके टेस्ट शतक का इंतजार भी खत्म हो गया। उन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ 110 रन की पारी खेली।

**पिछले साल IPL खिताब भी जीता**

शुभमन गिल ने 2018 में कोलकाता नाइट राइडर्स के साथ IPL डेब्यू किया था। 3 साल तक IPL खेलने के बाद भी वे अपनी टीम को खिताब नहीं दिला सके। लेकिन, 2022 में उन्होंने हार्दिक पंड्या की कप्तानी में गुजरात टाइटंस से खेलते हुए पहला खिताब जीता। टीम इंडिया के पूर्व कप्तान विराट कोहली भी अभी तक IPL खिताब नहीं जीत पाए हैं।

पूरे सीजन के 16 मैचों में गिल ने 132.33 की स्ट्राइक रेट से 483 रन बनाए। फाइनल में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ उन्होंने 43 रन की नॉटआउट पारी खेल कर टीम को जीत दिलाई थी।

**टी-20 में शतक से कई रिकॉर्ड तोड़े**

शुभमन गिल ने एक फरवरी को टी-20 इंटरनेशनल शतक भी लगा दिया। न्यूजीलैंड के खिलाफ उन्होंने 126 रन की नॉटआउट पारी खेली। इस शतक के साथ वह तीनों फॉर्मेट में शतक जड़ने वाले पांचवें ही भारतीय बने। भारत के लिए टी-20 क्रिकेट में यह सबसे बड़ा स्कोर भी है। उनसे पहले विराट कोहली ने अफगानिस्तान के खिलाफ 122 रन की नॉटआउट पारी खेली थी।






# धमाकेदार कॉन्टेंट के साथ ओटीटी पर आ रहीं वाणी कपूर

कई दिनों से एक्ट्रेस वाणी कपूर बड़े पर्दे से गायब हैं। लेकिन अब वो ओटीटी पर अपने नए अंदाज में आ गई हैं। वह फिलहाल सातवें आसमान पर हैं। हमें ट्रेड के करीबी सूत्रों से पता चला है कि वाणी एक वेब शो करने के लिए तैयार हो रही हैं। शो को यश राज फिल्म्स (वाईआरएफ) बना रहे हैं और मर्दानी के लेखक गोपी पुथरान मेगाफोन इसमें साथ देंगे। वाणी और गोपी ने शो में काम करना शुरू कर दिया है। एक्ट्रेस ने उनके साथ स्क्रिप्ट को लंबे समय तक पढ़ा है।गोपी ने आदित्य चोपड़ा को वाणी कपूर का नाम सुझाया और आदित्य ने अंतिम सहमति दी। इसकी शूटिंग जल्द शुरू होगी। शो का एक बड़ा हिस्सा मुंबई में शूट किया जाएगा। एक सूत्र ने कहा, वाणी केवल उन प्रोजेक्ट की तलाश में हैं जहां वह याद रखने के लिए एक प्रदर्शन दे सकें। उन्हें एक चुनौती पसंद है और वह अपनी एक्टिंग में पूरी तरह से उतरती हैं। उन्होंने चंडीगढ़ करे आशिकी में यह शानदार प्रदर्शन किया।सूत्र ने आगे कहा, जबकि वह थिएटर को तरजीह देती हैं, वह खुद को अच्छे डिजिटल प्रोजेक्ट्स में देखती हैं। यह एक किरकिरा, धारदार क्राइम थ्रिलर है जिसे वाईआरएफ बना रहा है। यह एक शानदार कॉन्टेंट है और इसके बारे में वो बेहद एक्साइटेड हैं। वे इसको ऐसे पैमाने पर लाएंगे जो लोगों को आश्चर्यचकित कर देगा।सूत्र ने कहा, गोपी साफ थे कि वह किसी ऐसे को कास्ट करना चाहते थे जो ओटीटी में ताज़ा हो। वह एक ठोस कलाकार चाहते थे जो इस रोमांचक थ्रिलर में खुद को पकड़ सके और शानदार काम कर सके। गोपी को इसे टाइटल देने के लिए एक कलाकार की जरूरत थी। उन्होंने हमेशा वाणी की फिल्मों में उनके काम की सराहना की है।









# मुख्यमंत्री ने पैरादान करने वाले किसानों को किया सम्मानित

» धन-धान्य से परिपूर्ण समृद्ध छत्तीसगढ़ का सपना हो रहा साकार

» मुख्यमंत्री बघेल भर्रेगांव में विशाल किसान अन्नदाता सम्मेलन में हुए शामिल

» मुख्यमंत्री ने राजनांदगांव जिले को 24.31 करोड़ रूपए के विकास कार्यों की दी सौगात

» स्वर्गीय चन्दूलाल चंद्राकर की स्मृति में 20 लाख रूपए की लागत से होगा भवन निर्माण

**रायपुर, 03 फरवरी 2023(ए)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज राजनांदगांव जिले के ग्राम भर्रेगांव में आयोजित विशाल किसान अन्नदाता सम्मेलन में शामिल हुए। वरिष्ठ राजनेता और प्रखर पत्रकार स्वर्गीय चन्दूलाल चंद्राकर की पुण्यतिथि पर आयोजित सम्मेलन में मुख्यमंत्री ने जिलेवासियों को 24 करोड़ 31 लाख रूपए की लागत के विकास कार्यों की सौगात दी। उन्होंने कार्यक्रम में 43 हितग्राहियों को 11 लाख 94 हजार रूपए लागत की सामग्री वितरित की। मुख्यमंत्री बघेल ने अपने उद्बोधन में स्वर्गीय चन्दूलाल चंद्राकर को नमन करते हुए कहा कि उन्होंने छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण में अविस्मरणीय योगदान दिया है। मुख्यमंत्री ने उनके जीवन से जुड़ी बातें साझा की और बताया कि पत्रकारिता के क्षेत्र में उनका महत्वपूर्ण अवदान रहा है। धन-धान्य से परिपूर्ण छत्तीसगढ़ समृद्ध रहे, उनका यह सपना था। आज यह सपना साकार हो रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वर्गीय चन्दूलाल चंद्राकर के दिखाये मार्ग का राज्य सरकार अनुसरण कर रही है। उन्होंने कहा कि शासन की किसान हितैषी योजनाओं के कारण कृषि के क्षेत्र में प्रदेश में बहुत परिवर्तन आया है। खेती-किसानी की ओर लोगों का रूझान बढ़ा है। राज्य शासन द्वारा राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत किसानों किसानों से लगभग 107 लाख 53 हजार मीट्रिक टन से अधिक धान की खरीदी की गई है और किसानों के खाते में राशि अंतरित की गई है। ऑनलाईन टोकन के माध्यम से किसानों को राहत पहुंचाई गई है। मुख्यमंत्री ने स्वर्गीय चन्दूलाल चंद्राकर की स्मृति में 20 लाख रूपए की लागत से भवन निर्माण करने की घोषणा की। उन्होंने परमालकसा के शासकीय हाई स्कूल को हायर सेकेण्डरी स्कूल में उन्नयन करने तथा क्षेत्र के 36




सरपंचों को 5-5 लाख रूपए ग्राम विकास के लिए देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि लघु-धान्य फसलों को बढ़ावा देने में छत्तीसगढ़ देश का अग्रणी राज्य है। शासन द्वारा विगत वर्ष से ही मिलेट मिशन अंतर्गत 52 हजार क्विंटल से भी अधिक कोदो, कुटकी, रागी की समर्थन मूल्य पर खरीदी की जा रही हैं तथा प्रोसेसिंग प्लांट भी शुरू किए गए हैं जहां 22 प्रकार की वस्तुएं बनाई जा रही है। शासन द्वारा गोबर से प्राकृतिक पेंट का निर्माण किया जा रहा है। गांव-गांव में गौठान का निर्माण किया गया है तथा वमज़ कम्पोस्ट निर्माण करने के साथ ही गोबर से बिजली उत्पादन करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही ग्रामीण उद्योग नीति लेकर आएंगे, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि सुरगी में पैरादान की दिशा में व्यापक कदम बढ़ाए गए थे। आज इसी कड़ी में ग्राम भर्रेगांव तथा आस-पास के किसानों द्वारा बड़े पैमाने पर पैरादान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 414 गौठान में 12 हजार 230 किसानों ने लगभग 95 हजार 680 क्विंटल पैरादान किया है। उन्होंने सभी पैरादान करने वाले किसानों को सम्मानित किया।

स्वर्गीय चन्दूलाल चंद्राकर के परिजन लक्ष्मण चंद्राकर ने पुरानी स्मृतियों को याद किया। उन्होंने बताया कि उनके नाना जी ने छत्तीसगढ़ के लिए जो परिकल्पना की थी, वह आज साकार हो गई है। छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण होने के साथ ही अब यह खुशहाल राज्य के रूप में आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री बघेल कृषि के प्रति समर्पित हैं तथा किसानों की भलाई के लिए कार्य कर रहे हैं। राजनांदगांव जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के अध्यक्ष नवाज खान ने कहा कि मुख्यमंत्री किसानों के जीवन में परिवर्तन लेकर आए हैं। किसानों की आय बढ़ी है तथा उनके बच्चे स्वामी आत्मानंद स्कूल में अध्ययन कर रहे हैं। अध्यक्ष कृषि उपज मंडी समिति राजनांदगांव गोवर्धन देशमुख ने कहा कि मुख्यमंत्री के आव्हान पर किसानों द्वारा व्यापक पैमाने पर पैरादान किया जा रहा है। इस अवसर पर सरपंच ग्राम पंचायत भर्रेगांव एकता चंद्राकर ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष दलेश्वर साहू, खुज्जी विधायक छन्नी साहू, खैरागढ़ विधायक यशोदा वर्मा, महापौर राजनांदगांव हेमा देशमुख, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य अंत्यावसायी सहकारी वित्त एवं विकास निगम धनेश पाटिला, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग जितेन्द्र मुदलियार, पूर्व विधायक प्रतिमा चन्द्राकर, अध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित दुर्ग राजेन्द्र साहू, पूर्व विधायक भोलाराम साहू, पूर्व विधायक गिरवर जंघेल, समाजसेवी पदम कोठारी, कुलबीर छाबड़ा, संभागायुक्त महादेव कांवरे, आईजी आनंद छाबड़ा, कलेक्टर डोमन सिंह, पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी तथा बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### पाँच आईएएस अधिकारियों के पदोन्नति आदेश जारी



**रायपुर, 03 फरवरी 2023(ए)।** रायपुर. राज्य शासन ने बड़े पैमाने पर आईएएस अधिकारियों का प्रमोशन किया है. साथ ही कई आईएएस अधिकारियों के प्रभार में भी बदलाव किया है। जारी आदेश में 5 आईएएस अधिकारियों को सचिव स्तर पर पदोन्नत किया गया है. जिसमें शम्मी आबिदी, बसव राजू, हिमशिखर गुप्ता, मोहम्मद कैसर और यशवंत कुमार का नाम शामिल है. वहीं कई अधिकारियों के प्रभार में भी बदलाव किया गया है।

इन्हें मिली ये जिम्मेदारी- शम्मी आबिदी को आयुक्त आदिम जाति और अनुसूचित जाति विकास की जिम्मेदारी दी गई है।

बसव राजू को सचिव गृह बनाया गया है।

हिमशिखर गुप्ता, सहकारिता विभाग में सचिव बनाया गया है। मोहम्मद कैसर को पंचायत विभाग का सचिव बनाया गया है।

### मिनी जू में बाघ की मौत



**बिलासपुर, 03 फरवरी 2023(ए)।** मिनी-जू कानन पेंडारी में एक बाघ नर शावक की मौत हो गई. फेलाइन पेन ल्यूकोपेनिया नामक वायरस से नर शावक मितान की मौत होने की बात सामने आई है. पोस्टमार्टम रिपोर्ट में इसका खुलासा हुआ है. वहीं दो मादा शावक आनंदी और दिशा का रेस्क्यू सेंटर में उपचार जारी है।

बताया जा रहा कि लंग्स, लीवर और अन्य आर्गन में संक्रमण फैलने से शावक ने दम तोड़ा है. दो मादा शावक आनंदी और दिशा का रेस्क्यू सेंटर में उपचार जारी है. इन्हें अब तक 3-3 ड्रीप बॉटल लग चुके हैं. दोनों मादा शावकों और मादा बाघिन मां रंभा को आइशोलेट किया गया है।

# छत्तीसगढ़ के इन स्टेशनों समेत एसईसीआर के कई रेलवे स्टेशनों की बदलेगी सूरत

**रायपुर, 03 फरवरी 2023(ए)।** देश में रेल यात्रियों की सुविधाओं और रेलवे स्टेशनों को विकसित किया जा रहा है. केंद्रीय बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रेलवे के लिए 2.41 लाख करोड़ रुपए स्वीकृत किए हैं।

इससे अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 1275 स्टेशनों को आधुनिक बनाया जाएगा. इस योजना के तहत दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मंडल के कई स्टेशनों को भी उच्चीकृत करने के लिए चयनित किया गया है।




अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मंडल में छत्तीसगढ़ के कई स्टेशनों का चयन किया गया है. इन चयनित स्टेशनों पर प्रवेश द्वार का चौड़ीकरण होगा. वेटिंग हॉल का विस्तार, उच्च स्तरीय प्रकाश की व्यवस्था समेत कई सुविधाएं की जाएगी.

अमृत भारत योजना के तहत दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर, भिलाई, दुर्ग, राजनांदगांव, बालोद, दल्लीराजहरा, मडोदा, भाटापारा, भिलाई पॉवर हाउस, भिलाई नगर, तिल्दा नेवरा, बिल्हा, भानुप्रतापपुर, हथबंद, सरोना, मंदिर हसौद, उरकुरा, निपनिया, डोंगरगढ, बेलपदर, रायगढ़ समेत कई स्टेशनों पर सुविधाएं बढ़ाई जाएगी.

अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत चयनित रेलवे स्टेशनों पर प्रवेश द्वार का चौड़ीकरण, उच्च स्तरीय प्रकाश व्यवस्था, स्टेशन वेटिंग हॉल का विस्तार, स्टेशन पर उपलब्ध अनुपयोगी स्थान को जोड़ते हुए एग्जीक्यूटिव लाउंज का विस्तार, सर्कुलेटिंग एरिया के प्रत्येक तरफ साइनेज, अप्रोच सड़क का चौड़ीकरण, पैदल चलने वालों के लिए रास्ता, वाहन का प्रवेश-अस्तित्व, प्रकाश व्यवस्था के साथ पार्किंग क्षेत्र, स्टेशनों की लैंड स्केपिंग, भूनिर्माण, हरे पैच और स्थानीय कला को बढ़ावा देने के लिए कार्य किए जाएंगे।

अमृत भारत स्टेशन योजना का उद्देश्य रेलवे स्टेशनों पर न्यूनतम आवश्यक सुविधाओं के इतर सुविधाओं को बढ़ाने के लिए मास्टर प्लान तैयार करना है. इस मास्टर प्लान को स्टेशन पर रूफप्लाजा और सिटी सेंटर के निर्माण के लक्ष्य के साथ चरणबद्ध तरीके से लागू किया जाएगा. इस योजना में लोगों की आवश्यकताओं का भी ध्यान रखा गया है. स्टेशन पर नई सुविधाओं की शुरूआत के साथ ही पुरानी सुविधाओं को भी इस योजना के तहत अपग्रेड किया जाएगा.



एनपीएस पर मुख्यमंत्री ने जताई चिंता

## कहीं पैसा डूब तो नहीं जाएगा

**रायपुर, 03 फरवरी 2023(ए)।** एनपीएस की राशि नहीं लौटाने की मुद्दे पर एक बार फिर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि केंद्र सरकार ने राज्य सरकार को एनपीएस का पैसा देने से मना कर दिया है। वहीं एलआईसी का पैसा भी शेयर बाजार में लगाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले 1 सप्ताह में शेयर बाजार में उथल-पुथल मचा हुआ है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपीए के समय में ळ्ष्क्क8 प्रतिशत से अधिक रहा ये 6 को अमृतकाल कह रहे है। बंगलादेश हमसे ज्यादा मजबूत है, पर भारत अभी भी गरीबी है, बेरोजगारी है। कुल मिलाकर बजट में कुछ नही है। मिलेट्स का प्लान भी छत्तीसगढ़ में ही हुआ। हम लगातार गोबर से पेंट बना रहे है। केंद्र सरकार भी गोबर धन का गुणगान कर रहे है। छत्तीसगढ़ के बीजेपी नेताओं ने गोबर को राजकीय चिन्ह कहा था आज उन्हें यह सोचना चाहिए।



## स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव की गाड़ी हुई हादसे का शिकार

**रायपुर , 03 फरवरी 2023(ए)।** इस वक्त की बड़ी खबर आ रही है. जहां स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव की गाड़ी के साथ एक हादसा हो गया है। हादसा उस वक्त हुआ जब स्वास्थ्य मंत्री अकलतरा में एक कार्यक्रम में शामिल होकर अंबिकापुर रवाना हो रहे थे। उसी दौरान नांदघाट के पास उनकी गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गई।

बताया जा रहा है कि सड़क यात्रा के दौरान एक स्कूटी को बचाने के चक्कर में मंत्री की गाड़ी डिवाइडर से टकरा गई। डिवाइडर से टकराने के बाद मंत्री की गाड़ी के आगे का दोनों टायर ब्लास्ट हो गए। हालांकि इस घटना में टीएस सिंहदेव बाल-बाल बच गए। हादसे में किसी के भी हताहत होने की कोई खबर नहीं आई है। गाड़ी के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद मंत्री टीएसी सिंहदेव दूसरी गाड़ी से अंबिकापुर के लिए रवाना हुए।

## बृजमोहन अग्रवाल ने सीएम भूपेश बघेल पर लगाया पूरे सनातन संस्कृति का अपमान करने का आरोप

**रायपुर , 03 फरवरी 2023(ए)।** रामचरित मानस पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बयान पर पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने निशाना साधा है. उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री का एक बयान देखा है, जिसमें उन्होंने रामायण की समीक्षा की बात की है. मैं उन्हें विद्वान मानता हूं. हमारे जीतने धर्म ग्रंथ हैं. यह हमें संस्कार देते हैं प्रेरणा देते हैं. इसकी समीक्षा की बात कहकर पूरे सनातन संस्कृति का अपमान किया है. आगे बृजमोहन अग्रवाल ने कहा, क्या मुख्यमंत्री तुलसीदास और वाल्मीकि से बड़े हो गए हैं. प्रभु राम की जीवनगाथा है. क्या इसे मुख्यमंत्री बदलेंगे. क्या गीता को मुख्यमंत्री बदलेंगे. मैं उनके बयान की निंदा करता हूं. मैं मांग करता हूं कि, मुख्यमंत्री इसके लिए माफी मांगे. सत्ता लोलुपता के चलते



सनातन का अपमान किया गया. इससे बड़ा पाप दूसरा नहीं हो सकता.

दरअसल, रामचरित मानस पर सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य के बयान पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बयान दिया था. उन्होंने कहा, रामचरित मानस को गहराई से पढ़ने की जरूरत है. इस पर विवाद करने की जरूरत नहीं. अच्छी चीजों को ग्रहण करना चाहिए. हर बात प्रत्येक व्यक्ति के लिए सही नहीं हो सकती. हर व्यक्ति की अपनी पसंद होती है. जैसे किसी को करेला पसंद है, किसी को नहीं.आगे सीएम बघेल ने कहा, जो भी विवाद रामचरित मानस को लेकर हो रहा वह सब वोट के लिए है. चाहे कहीं भी हो, कहीं से भी. राम को घर-घर पहुंचाने का काम स्वामी तुलसीदास ने किया. रामचरित मानस विवाद सपा को भी भा रहा और बीजेपी को भी. मौर्या को भी भा रहा है और योगी आदित्यनाथ को भी

## बेसहारा बच्चों के साथ प्रदेश में हो रहा अन्याय

**रायपुर , 03 फरवरी 2023(ए)।** पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने कांग्रेस सरकार द्वारा अनाथ बच्चों के साथ अन्याय करने पर तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार अपने कोई भी वादों पर खरा नहीं उतरती है, कोई वादों में टिक नहीं पाती चाहे वह युवाओं को बेरोजगारी भत्ता देने की बात हो या कोरोना काल में अनाथ हुए बच्चों की छात्रवृत्ति देने की बात हो । कांग्रेस सरकार लगातार भ्रष्टाचार के नए रिकॉर्ड अपने नाम कर रही है आलम यह है कि भ्रष्टाचार में लिपटी कांग्रेस सरकार अंसवेदनहीन हो चुकी है और



अब बेसहारा बच्चों के हक में भी डाका डाल रही है। उन्होनें कहा कि प्रदेश में ऐसी खबरे भयावह है, जहां मासूम बेसहारा बच्चों के हक में भी राजनिति कर भारी भ्रष्टाचार किया जा रहा है, कांग्रेस सरकार प्रदेश के मासूम अनाथ बच्चों को लेकर जरा भी गंभीर नहीं है उन्हें सिर्फ राजनीति करने ही आता है। लगतार शिक्षा व्यवस्था की लापरवाही के कारण प्रदेश के बच्चों का भविष्य अंधेरे में जा रहा है।

पूर्व विधानसभा अध्यक्ष कौशिक ने कहा कि अपने विश्वसनीयता के लिए जाना जाने वाला प्रदेश छत्तीसगढ़ अब प्रदेश सरकार के गैर जिम्मेदाराना कार्यों के लिए जाना जाता है। प्रदेश की जनता को कर्ज से लाद कर प्रदेश सरकार घी पी रही है। उन्हें प्रदेश की जनता से, इन मासुम बेसहारा बच्चों के भविष्य से कोई सरोकार नहीं है। हर कोई को प्रदेश सरकार के विकास,गौरव की ही तलाश है। कौशिक ने कहा कि कांग्रेस सरकार केवल कथित तौर पर नये अध्याय की बातें लिख रही है, युवाओं को बेरोजगारी भत्ता देने की घोषणा कांग्रेस पहले ही कर चुकी है जो अब तक पूरा नहीं कर पायी है उसे लेकर पुनः बेरोजगारी भत्ता देने की बात कर रही है।

## कांकेर मेडिकल कॉलेज अब जाना जाएगा इंदिरा गांधी के नाम से

**भानुप्रतापपुर , 03 फरवरी 2023(ए)।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बड़ी घोषणा की है। उत्तरप्रदेश की तरह अब यहां भी नामों के बदलाव की परंपरा शुरू हो गई है। सीएम ने घोषणा करते हुए कहा कि अब कांकेर मेडिकल कॉलेज इंदिरा गांधी के नाम से जाना जाएगा। इतना ही नहीं भानुप्रतापपुर स्टेडियम का नाम की घोषणा भी गई है। स्वर्गीय मनोज मंडावी के नाम से स्टेडियम का नाम जाना जाएगा।



2024 के चुनाव से पहले छत्तीसगढ़ में सियासी हलचल तेज हो गई है। बीजेपी और कांग्रेस के बीच आरोप और प्रत्यारोप का सिलसिला जारी है। हाल ही में कांग्रेस विधायकों की टिकट को लेकर बीजेपी नेता रमन सिंह ने सीएम भूपेश बघेल का निशाना साधा था। जिसको लेकर अब सीएम भूपेश बघेल ने रमन सिंह को जबरदस्त फटकार लगाई है। सीएम ने कहा रमन सिंह कांग्रेस विधायकों की चिंता छोड़े और अपनी टिकट की चिंता करें । मुख्यमंत्री रहते हुए अपने बेटे को लोकसभा की टिकट नहीं दिला पाए, हमारी चिंता क्यों कर रहे हैं। अपनी चिंता करें अपने पार्टी की चिंता करें। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने यह बातें कांकेर रवाना होने से पहले रायपुर में कहीं। इसके बाद अपने तय कार्यक्रम के लिए मुख्यमंत्री रवाना हो गए।

## नकली दवा फैक्ट्रियों पर छापा

**10 करोड़ का माल जब्त**

**रायपुर,, 03 फरवरी 2023(ए)।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में नकली दवाएं बनाने की फैक्ट्रियों का भांडाफोड़ हुआ है। खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम ने तकरीबन आधा दर्जन जगहों पर छापामार कार्रवाई की। यहां से तकरीबन 10 करोड़ की नकली और मिलावटी दवाओं के साथ ही साथ रैपर व डिब्बे भी बरामद हुए हैं।



बताया जा रहा है कि खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग को लंबे समय से राजधानी आयुर्वेदिक दवाओं के नाम पर एलोपैथिक दवाएं बेचे जाने की शिकायत मिल रही थी।

जिसके बाद खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के 11 अफसरों की 4 टीमों ने गीतांजली नगर भारत माता चौक के पास बजरंग आयुर्वेदिक एजेंसी, शारदा मेडिकल स्टोर सिमगा, यशिका ट्रेडिंग एंड मार्केटिंग प्रायवेट लिमिटेड शंकर नगर, यशिका ट्रेडिंग वेयर हाउस बिरगांव पहुंचे।

इन सभी मेडिकल स्टोर और एजेंसियों में बड़े पैमाने पर नकली, मिलावटी दवाएं बनाने के साथ ही उन्हें पैंकिंग करने की मशीनें भी बरामद हुई है। इन संस्थानों से मिली दवाईयों का शासकीय औषधि परीक्षण प्रयोगशाला में जांच कराया गया।

बताया जा रहा है कि विभिन्न बीमारियों के नाम से आयुर्वेदिक दवाएं बताकर नकली और मिलावटी दवाओं को खपाने का खेल लंबे समय से राजधानी और आसपास के इलाकों में चल रहा था।

इन दवाओं का स्वास्थ्य पर गंभीर असर पड़ता है। फिलहाल मामले में संचालकों के खिलाफ एफआईआर कराने की तैयारी चल रही है।

## 9 माह गुजरने के बाद भी मृत्यु प्रमाण-पत्र नहीं मिलना गंभीर मामला

**रायपुर,, 03 फरवरी 2023(ए)।** ग्राम डोंगीतराई, तहसील अभनपुर, जिला रायपुर निवासी लिकेश कुमार साहू पिता श्री विजय साहू की धर्मपत्नी श्रीमती पार्वती साहू को प्रसव पीड़ा होने पर कृष्णा मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल अभनपुर में 12 अप्रैल 2022 को भर्ती कराया गया। हॉस्पिटल में स्मार्ट कार्ड द्वारा सिजेरियन किया गया तथा शिशु मृत अवस्था में पैदा हुआ।

15 अप्रैल 2022 को पत्नी स्वर्गीय श्रीमती पार्वती साहू की हॉस्पिटल में मृत्यु हो गई। जिसकी पुष्टि बीएमओ अभनपुर द्वारा ऑडिट जांच रिपोर्ट में की गई है। इसके बावजूद भी मृत्यु प्रमाण पत्र नहीं मिलना और श्री कृष्णा हॉस्पिटल अभनपुर के विरुद्ध कार्यवाही नहीं होना समझ से परे हैं। स्मार्ट कार्ड से इलाज के अलावा हॉस्पिटल द्वारा लगभग 1.00 लाख रुपए अतिरिक्त नगद राशि भी ली गई, ऑनलाइन पेमेंट लेने से मना किया गया। शासकीय स्वास्थ्य योजना प्रदेश में लागू होने के बाद भी हॉस्पिटल प्रबंधन द्वारा अतिरिक्त राशि की मांग किया जाना नियम विरूद्ध है।

ज्ञातव्य है कि सरकार द्वारा सभी प्रकार



के प्रमाण पत्र घर पहुंच सेवा मुहैया कराया जा रहा है, लेकिन दूसरी तरफ लिकेश साहू अपनी पत्नी की मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए दर-दर भटक रहे हैं। इस ओर शासन प्रशासन किसी का ध्यान नहीं है। लिकेश साहू द्वारा मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री, नगरीय प्रशासन मंत्री, सचिव स्वास्थ्य विभाग मंत्रालय, संचालक स्वास्थ्य सेवाएं, संभागीय संयुक्त संचालक स्वास्थ्य रायपुर, सीएमएचओ रायपुर तक को अनेकों बार अभ्यावेदन दिया गया है, तथा 24 और 29 अगस्त 2022 को अभिलिखित बयान भी दिया गया, लेकिन कार्यवाही आज दिनांक तक शून्य है। हॉस्पिटल के खिलाफकार्यवाही करने के बजाय बयान के नाम पर बार-बार बुलाया जाना केवल मानसिक प्रताड़ना देने के अलावा कुछ नहीं है। श्री साहू को उनकी पत्नी का मृत्यु प्रमाण पत्र नहीं दिया जाना गंभीर अपराध है।

विगत 9 माह से मृत्यु प्रमाण पत्र का इंतजार करते साहू ने अंततः गुरूवार को स्वास्थ्य मंत्री श्री टी.एस. सिंहदेव से सौजन्य मुलाकात कर पत्नी की मृत्यु प्रमाण पत्र दिलाने की गुहार लगाते हुए कृष्णा हॉस्पिटल अभनपुर और जिम्मेदार अधिकारी/डॉक्टरों के खिलाफकार्यवाही की मांग की है।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)